


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 139

ग्वालियर, रविवार, 6 फरवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.






# नया बजट रोजगार के अवसर प्रदान करने वाला है: भूपेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बजट 2022-23 को देश के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने वाला, देश में अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने वाला, विकास की अधिक सम्भावनाओं को प्रेरित करने वाला एवं अधिक नौकरियों के अवसर प्रदान करने वाला बजट बताते हुए कहा कि इस आत्मनिर्भर बजट में बुनियादी रूप से विकास एवं आम आदमी के कल्याण का पूरा विचार किया गया है।

आज प्रदेश कार्यालय में हुए एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए भूपेंद्र यादव ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय के लिए जिस तरह की हमें टेक्नोलॉजी चाहिए, जलवायु परिवर्तन के लिए जो कार्य योजना की जरूरत है, वो सभी इस बजट में है। आज हुए प्रेसवार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश के प्रभारी बैजयंत जय पांडा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं दिल्ली प्रदेश की सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी एवं प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल उपस्थित थे। श्री यादव ने कहा कि नए बजट में सबसे मुख्य उद्देश्य रोजगार के ऊपर है। नए बजट में सिर्फ निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर पर ही ध्यान नहीं दिया गया है बल्कि इसके ठीक बराबर लोगों को रोजगार मिले इसपर विशेष ध्यान दिया गया है। कंस्ट्रक्शन क्षेत्र और कृषि क्षेत्र के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला विभाग है। पर्वतीय क्षेत्रों में प्रदूषण रहित परिवहन का विकास किया जा रहा है जिसमें लोगों को रोजगार मिलेगा और टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री गति शक्ति जैसे एक महत्वपूर्ण योजना को भी नये बजट के अंतर्गत रखा गया है। किसी देश का विकास तभी संभव है जब सड़कों का जाल तेजी से बिछेगा, रेल में सुधार होगा ताकि आवागमन में सुविधा मिलेगी, एयरपोर्ट्स को दूर-दूर तक ले जाएंगे, पोर्ट बिल्डिंग बढ़ाया जाएगा एवं मेट्रो जैसे साधनों को बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नये बजट में गरीबों के लिए योजना, पक्का मकान, नल से जल, हर घर को शौचालय, गैस चूल्हा और उनके विकास एवं आगे बढ़ाने का विशेष प्रावधान किया गया है। रासायनिक खेती के कारण जिस तरह से विदेशों में हमारी निर्भरता रहती है उस को ध्यान में रखते हुए प्राकृतिक खेती करने पर विशेष जोर दिया गया है। सौर ऊर्जा पर विशेष जोर दिया गया है।

## सुपरमार्केट और दुकानों में शराब की बिक्री के खिलाफ अन्ना हजारे का पत्र, सरकार को दी हड़ताल पर जाने की चेतावनी

**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने राज्य सरकार के उस फैसले पर आपत्ति जताई जिसमें सुपरमार्केट और अन्य दुकानों में शराब की बिक्री को अनुमति दी गई है। अन्ना हजारे ने राज्य सरकार को इस फैसले के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी भी दी है।



इससे पहले सोमवार को अन्ना हजारे ने इस फैसले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा था कि महाराष्ट्र सरकार आर्थिक लाभ के लिए शराब की बिक्री को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा था कि लोगों को नशे के प्रति हतोत्साहित करना सरकार का कर्तव्य है लेकिन महाराष्ट्र सरकार केवल राजस्व कमाने के लिए नशे को बढ़ावा देने वाले निर्णय ले रही है।

## एलन मस्क को भारत सरकार से झटका

**नई दिल्ली।** अमेरिका की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला को भारत सरकार से बड़ा झटका लगा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार ने एलन मस्क की आयात शुल्क पर छूट की मांग को ठुकरा दिया है। आपको बता दें कि एलन मस्क दुनिया के सबसे रईस अरबपति हैं। सरकार के मुताबिक देश के नियम पहले ही इजाजत देते हैं कि उत्पादक आंशिक रूप से बने वाहनों को देश में ला सकते हैं। वहीं, स्थानीय टैक्स चुकाकर असेंबल का काम भी कर सकते हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड के चेयरमैन विवेक जौहरी ने कहा, हमने इस मुद्दे पर विचार किया। विदेशी कंपनियों के लिए आयात शुल्क कोई बाधा नहीं है। मौजूदा आयात शुल्क के ढांचे के बावजूद देश में निवेश आना जारी है। विवेक जौहरी के मुताबिक टेस्ला ने अब तक भारत में लोकल मैनुफैक्चरिंग और खरीद की योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। आपको बता दें कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने भारत सरकार से आयात शुल्क कम करने की मांग की थी। बीते दिनों मस्क ने ये तक कह दिया था कि भारत में उत्पाद उतारने के लिए उसे सरकार के स्तर पर बहुत चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इसके बाद तेलंगाना समेत अलग-अलग राज्यों ने मस्क को प्लांट लगाने के लिए न्यौता दिया था।



-कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमल नाथ, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण यादव और युवक कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विक्रांत भूरिया ग्वालियर आए

# ग्वालियर 45 साल पहले प्रदेश में नंबर वन था आज बहुत पीछे पिछड़ा : कमलनाथ



**ग्वालियर।** पूर्व मु यमंत्री व मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ विमान से ग्वालियर आए। उनके साथ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण यादव व युवक कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विक्रांत भूरिया भी थे। एरोड्रम पर कांग्रेस नेताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। ग्वालियर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कमल नाथ ने कहा कि 45 साल पहले ग्वालियर प्रदेश में नंबर वन था, लेकिन आज जबलपुर से पीछे है। इस दौरान वह रोप-वे की आड़ में केंद्रीय मंत्री सिंधिया पर भी निशाना साधने से नहीं चूके और पूछा कि रोप-वे के निर्माण की बात वर्षो से सुनते आ रहे हैं, जिस पर सरकार का काफी पैसा भी खर्च हो चुका है, लेकिन कहां है रोप-वे। इस दौरान एक सवाल के जवाब में कमल नाथ ने कहा कि मैं नरेन्द्र मोदी या शिवराज सिंह चौहान नहीं हूं, जो 200 या 250 सीटों की भविष्यवाणी करूं, अगले चुनाव में प्रदेश में किसकी सरकार बनेगी, ये जनता बताएगी। यूपी में संस्कृति को बचाने का संघर्ष है: पूर्व मु यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश की संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष है। हमारी संस्कृति एक दूसरे को जोड़ने वाली है। कुछ लोग इस संस्कृति पर आघात कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश की जनता सचाई को पहचानेगी और संस्कृति व विरासत को बचाने के लिए मतदान करेगी। कमल नाथ ने कहा कि हमारी सवा साल सरकरा रही। ढाई माह चुनाव आचार संहिता में निकल गए, अब लोग एक साल के कार्यकाल की तुलना शिवराज सरकार से कर रहे हैं, आज उन्हें अंतर भी समझ में आ रहा है।

### इंटक में दहाड़े कमलनाथ- बोले मंडी तो एक उदाहरण है, हर जगह हो रहा अन्याय

हजीरा सब्जी मंडी पर चल रहा है कांग्रेस का धरना ग्वालियर में सब्जी मंडी तोड़ कर गरीबों का दमन करने और छात्र नेताओं को पर झूठे मामले दर्ज करने के विरोध में शनिवार को कांग्रेस धरना प्रदर्शन कर रही है। इस धरना में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मु यमंत्री कमल नाथ भी शामिल हुए हैं। कमल नाथ 10 मिनट के लिए धरना में पहुंचे, लेकिन उन्होंने भाजपा को घेरने दहाड़ लगाई है। पूर्व मु यमंत्री बोले हैं कि प्रदेश की तस्वीर अपने सामने रख लीजिए। ग्वालियर की मंडी तो एक उदाहरण है हर जगह, हर जिले में जो अन्याय हो रहा है। कमल नाथ का साथ मत देना, कांग्रेस का साथ नहीं देना पर स'चाई का साथ देना। स'चाई का साथ दोगे तो प्रदेश का भविष्य सुरक्षित होगा। कुछ देर यहां रुकने के बाद वह निजी कार्यक्रम में शामिल होने निकल गए। उनके साथ कांग्रेस नेता सुभाष यादव, पूर्व मंत्री व विधायक जयवर्धन सिंह भी आए हैं।

### कमल नाथ बोले जब जरुरत होगी आपके साथ खड़ा रहूंगा

- धरना स्थल पर कमल नाथ ने सब्ज विक्रताओं से कहा आज मुझे खुशी हो रही है कि मैं यहां आपके संघर्ष के बीच बैठा हूं। आप स'चाई पर चलते रहें, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जब भी आपको मेरी जरुरत होगी मैं आपके साथ खड़ा दिखाई दूंगा। यह मेरा आपसे वादा है।

### यह है पूरा घटनाक्रम

- हजीरा स्थित वर्षो पुरानी सब्जी मंडी को जिला प्रशासन ने ×1 जनवरी की सुबह 6 बजे पहुंचकर तोड़ दिया था।मंडी में व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं को इंटक मैदान के पास मैदान में शि ट कर दिया गया था। अचानक सुबह पहुंचकर तोड़फोड़ करने से सब्जी वाले नाराज हो गए थे। कांग्रेस पहले से ही विस्थापन का विरोध करते हुए प्रदर्शन कर रही थी। सब्जी विक्रेता केन्द्रीय नागरिग उड्ड़डयन मंत्री 'योतिरादित्य सिंधिया,सीएम शिवराज सिंह, ऊर्जामंत्री प्रद्यु न सिंह तोमर से भी गुहार लगा चुके थे, लेकिन प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी। प्रशासन द्वारा इस तरह तोड़फोड के विरोध में कांग्रेसियों ने 1 फरवरी को फूलबगा पर पुतला दहन कार्यक्रम रखा था। जिसमें पुतला छीनते समय एसआई दीपक गौतम झुलस गए थे। इसके बाद धरना दे रहे कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सुनील शर्मा का क्रेशर सील कर दिया गया। अब कांग्रेस इस लड़ाई को लड़ने आरपार के मूड में आ गई है।

### कई नेता गिर पड़े, मीडिया से भी हुई धक्का मुक्की

- शनिवार देर शाम पूर्व मु यमंत्री कमल नाथ ग्वालियर पहुंचे। एयरपोर्ट से वह सीधे कांग्रेस नेता मितेन्द्र दर्शन सिंह के घर पहुंचे और वहां उनसे मुलाकात करने के बाद सीधे हजीरा सब्जी मंडी पर चल रहे धरना प्रदर्शन पर पहुंचे। यहां कमल नाथ 10 से 12 मिनट ही रूके हैं। जब वह धरना स्थल पहुंचे तो वहां कमल नाथ के सामने आने और करीब जाने के चक्कर में कई नेता गिर पड़े। इसके बाद जब मीडिया ने कमल नाथ से बात करना चाही तो उनके सुरक्षा कर्मियों ने धक्का मुक्की कर दी। इस दौरान कुछ मीडियाकर्मी भी गिर पड़े ।

## खास खबर

### दिल्ली-एनसीआर, जम्मू-कश्मीर समेत देश के कई हिस्सों में महसूस किए गए भूकंप के झटके




**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप सुबह करीब पौने 10 बजे के करीब आया। दिल्ली-एनसीआर में लोगों को करीब 15-20 सेकंड तक धरती में कंपन महसूस हुआ। कंपन महसूस करने के बाद लोग घरों के बाहर निकल आए, लेकिन तब तक सब सामान्य हो गया था। जम्मू-कश्मीर में भूकंप के काफी तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर उसकी तीव्रता 6 मापी गई है। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदूकुश में था। भूकंप के झटके महसूस होने के बाद कई जगहों पर लोग घरों से बाहर निकल आए। दिल्ली-एनसीआर के नोएडा में भी लोगों को भूकंप के झटके महसूस हुए। जम्मू के कई जिलों में भी लोगों को धरती में कंपन महसूस हुआ। इसी तरह कश्मीर घाटी में भी लोगों को भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### टिकट कटने से दुखी कांग्रेस नेता की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का टिकट कटने से आहत पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरी यादव की तबीयत अचानक बिगड़ने पर शनिवार सुबह निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। ज्ञात हो कि कांग्रेस ने गौरी यादव को बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र से पहले प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन बाद में किन्हीं कारणों से पार्टी नेतृत्व ने उनका टिकट काटकर किसी दूसरे नेता को प्रत्याशी घोषित कर दिया।इससे आहत गौरी यादव की तबीयत शुक्रवार को अचानक बिगड़ गई।हालत ज्यादा खराब होने पर स्थानीय चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। उनके परिजनों ने यादव को लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बाराबंकी में चर्चा है,कि टिकट मिलने से पूर्व ही यादव ने क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर प्रचार अभियान तेज कर दिया था। बाद में टिकट कटने से वह इतने आहत हुए कि सदमे को झेल नहीं सके और बीमार हो गए। उनके पुत्र अनुराग प्रकाश के अनुसार पार्टी का अचानक टिकट बदल जाने से यादव की तबीयत बिगड़ी और उन्हें एक लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।उनका कहना है कि इस बारे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क किया,तब किसी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। प्रकाश ने बताया कि फिलहाल उनके पिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

### दर्द और सुई रहित कोरोना वैक्सीन जाइकोव-डी लांच

**पटना।** राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक बहुत से लोगों ने कोरोना वैक्सीन नहीं ली है। इसमें कुछ लोग भी हैं जिन्होंने इंजेक्शन के डर से वैक्सीन नहीं ली है। हालांकि इसतरह के लोगों के लिए जाइकोव-डी वैक्सीन आई है।कोरोना की यह वैक्सीन दर्द रहित और सुई रहित है।पटना में जाइकोव-डी वैक्सीन को लांच किया गया है। पहले दिन ही कई लोग वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे।सिविल सर्जन डॉ. विभा सिंह ने बताया कि जाइकोव-डी वैक्सीन की तीन खुराक लेनी होगी।पहले दिन वैक्सीन लगवाने के बाद 28 और फिर 56 दिन के अंतराल पर वैक्सीन की अगली डोज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 3 टीकाकरण केंद्रों पर शुरू हुआ है।सुई से डरने वाले लोगों के लिए यह अच्छा है।बता दें कि फार्मास्युटिकल कंपनी जायडस ने घोषणा की थी कि उसने अपनी कोरोना वैक्सीन जाइकोव-डी की आपूर्ति शुरू कर दी है।साथ ही कंपनी ने कहा था कि वह अपनी कोरोना वैक?सीन को निजी बाजार में उपलब्ध कराने की भी योजना बना रही है।

## जेपी नड्डा ने मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी पर बोला हमला, कहा- गुंडा होना सपा में शामिल होने की पहली शर्त



**मुरादाबाद।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी पर हमलावर हुए। साथ ही इशारों-इशारों में मुरादाबाद को तोहफा भी दे गए। सपा पर हमला बोलते हुए कहा, कुछ लोग फ्री में बिजली देने का दम भर रहे हैं। उनसे पूछा जाना चाहिए कि क्या उन्होंने अपनी सरकार में 24 घंटे बिजली दी। हम सिर्फ विकास के लिए कार्य करते हैं। ये केवल भाजपा के नेता ही बोल सकते हैं कि जो बोला था, वो कर दिखाया। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जिन्होंने कार्य संस्कृति विकसित की। उनके नक्शे कदम पर चलते हुए हर नेता विकास के लिए कार्य करता है। चुनाव का मुद्दा भी विकास ही होता है। हम पर लोग हंसते थे, जब हमने जन धन खाते खोलने की बात की, लेकिन हमने उसे कर दिखाया। 40 करोड़ लोगों के खाते खुले। आयुष्मान भारत दुनिया का सबसे बड़ा हेल्थ प्रोग्राम है। आज हर गरीब पांच लाख की स्वास्थ्य योजना से कवर है। आवास योजना में प्रदेश में 40 लाख घर दिए। विपक्षी नेता कहतें कि योजना का प्लान तो हमारा था, पर आपका प्लान तो कुछ और ही था। प्लान था, जमीन पर कब्जे का। उज्जवला योजना पर भी मजाक उड़ाया गया। वह भी उन लोगों ने जो चांदी की चम्मच से खाते हैं, भारत को जानते तक नहीं, वह गांव की महिला के दर्द को क्या समझेंगे, पर आज घर घर गैस के चूल्हे हैं।स्वच्छ भारत अभियान का मजाक उड़ाया गया। कहा कि ये बात तो गांधी जी करते थे, अब प्रधानमंत्री ने लाल किले से स्वच्छता की बात की। पर पहले गांधी जी को छोड़कर बाकी गांधी तो काम के बजाय केवल बात करते हैं, क्योंकि वे असली गांधी हैं ही नहीं।

सौभाग्य योजना से हमने घर घर बिजली पहुंचाई। कोरोना संक्रमण काल में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू कर 80 करोड़ की जनता को भोजन उपलब्ध कराया। पहले 15 मेडिकल कालेज थे। योगी जी ने 59 मेडिकल कॉलेज कर दिए। मुरादाबाद में योजना बन सकती है। चुनाव आयोग का बंधन है इसलिए घोषणा नहीं कर सकता, इशारा समझिए। एयरपोर्ट, एक्सप्रेस-वे सब विकास के आधार हैं। हमने वो कर दिखाया। अब लोग कहते हैं कि आप बता देना दो घंटे में पहुंच जाऊंगा। मैं पूछता हूं कि कैसे तो कहते हैं कि एक्सप्रेस-वे पकड़ेंगे और पहुंच जाएंगे। ये एक्सप्रेस-वे नहीं विकास की गंगा है।

## मुंबई में ट्रैफिक जाम के कारण होते हैं 3 फीसदी तलाक', पूर्व CM की पत्नी अमृता फडणवीस ने किया दावा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने शादीशुदा लोगों के तलाक के लिए मुंबई के ट्रैफिक को जिम्मेदार ठहराया है। अमृता फडणवीस ने दावा किया है कि, मुंबई में तीन फीसदी तलाक की वजह यहां का ट्रैफिक है। अमृता फडणवीस पत्रकारों से सड़कों और यातायात की स्थिति के बारे में बात कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने अजीबो-गरीब दावा कर दिया। दरअसल, अमृता फडणवीस ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि, 'क्या आप जानते हैं कि मुंबई में तीन फीसदी तलाक ट्रैफिक जाम के कारण होते हैं, क्योंकि लोग अपने परिवार को समय नहीं दे पाते हैं। उन्होंने कहा कि, वह सड़कों पर गड्ढों और ट्रैफिक में फंसने से व्यक्तिगत रूप से परेशान हैं, और मुंबई में 3 फीसदी तलाक इसी कारण हो रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं राज्य सरकार को अपनी गलतियों पर अधिक ध्यान देने की सलाह देती हूं।

अमृता फडणवीस यहीं नहीं रुकी, उन्होंने राज्य की महाविकास अघाड़ी सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, यह महाविकास नहीं बल्कि महावसूली सरकार है, और यह बात मैं ही नहीं कर रही, बल्कि पूरी दुनिया कर रही है। उन्होंने कहा कि, मुंबई में कई ऐसे मुद्दे हैं, जहां सरकार ध्यान नहीं दे रही है। मुंबई में सड़क, ट्रैफिक और एसटी कर्मचारियों की समस्या है। सरकार का ध्यान इन सब से हटकर खुद की जेब भरने पर है। वहीं, शिवसेना प्रियंका चतुर्वेदी ने पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि, 'बेस्ट इलाजिक आफ द डे का पुरस्कार उस महिला को जाता है, जो दावा करती है कि 3 फीसदी मुंबईकर सड़कों पर यातायात के कारण तलाक दे रहे हैं। कृपया छुट्टी का ब्रेक लें.. बेंगलुरू परिवार कृपया इसे पढ़ने से बचें, आपकी शादियों के लिए घातक साबित हो सकता है। आपको बता दें कि, इसी साल बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के चुनाव होने हैं। गौरतलब है कि परिसीमन की प्रक्रिया के अंतर्गत 24 वार्डों में बीएमसी की कुल सीटों को 227 से बढ़ा दिया गया है इसे अब 236 कर दिया गया है।

### पंजाब में कांग्रेस के सीएम चेहरे पर सिद्धू ने फिर छोड़ा तीर

**नई दिल्ली।** पंजाब में कांग्रेस के सीएम चेहरे को लेकर पीसीसी चीफ नवजोत सिंह सिद्धू ने एक बार फिर बयानों का तीर चलाया। पार्टी आलाकमान पर निशाना साधते हुए सिद्धू ने कहा कि कांग्रेस के सीएम चेहरे की बात तो सब कर रहे हैं लेकिन कोई ये भी 60 विधायकों की बात नहीं कर रहा है। कोई भी सरकार गठन के रोडमैप के बारे में बात नहीं कर रहा है। बताया जा रहा है कि सीएम रेस को लेकर चरणजीत सिंह चन्नी सिद्धू से आगे चल रहे हैं। ऐसे में नाराज सिद्धू को मनाने के लिए पार्टी को परेशानी हो रही है।

## रामपुर में भीषण सड़क हादसा, 5 लोगों की मौके पर ही मौत




**रामपुर।** यूपी के रामपुर जनपद में भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसे की शिकार कार तेज रफ्तार में फर्राटा भर रही थी, तभी अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना भयानक था कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कार से बाहर निकाकर घायल को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, भीषण सड़क हादसा टांडा थाना क्षेत्र के सीकमपुर में हुआ।बताया जाता है, कि घटना के समय कार में 6 लोग सवार थे। वे किसी शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे वह अनियंत्रित होकर सीकमपुर चौराहे के पास पलट गई।सभी मृतक मुरादाबाद के निवासी बताए जा रहे हैं। सभी किसी लड़की के विवाह समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे, जब उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। बांदा में भी सड़क हादसा होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार घर में जा घुसी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए चयन ट्रायल आयोजित होंगे :एनआरएआई

**नई दिल्ली** । भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने कहा है कि इस साल मार्च और अप्रैल में राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के लिए चयन ट्रायल आयोजित किये जाएंगे। एनआरएआई के अनुसार राइफल के लिए पहला और दूसरा चयन ट्रायल भोपाल में आठ से 21 मार्च तक होगा। वहीं इस दौरान पिस्टल ट्रायल दिल्ली में होंगे। चयन ट्रायल तीन और चार का आयोजन 26 मार्च से सात अप्रैल तक होगा, जिसमें राइफल का ट्रायल भोपाल जबकि पिस्टल का ट्रायल दिल्ली में किया जाएगा। कोरोना संक्रमण के खतरे के कम होने के कारण एनआरएआई ने यह फैसला किया है। हालांकि काहिरा में 26 फरवरी से शुरू होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी टीम का चयन 64वीं राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के अंतिम रैंकिंग अंक के साथ-साथ क्वालीफिकेशन स्कोर को ध्यान में रखते हुए किया गया था क्योंकि तब महामारी के कारण चयन ट्रायल आयोजित नहीं किया जा सका था। एनआरएआई ने कहा, ''कोविड-19 हालातों के कारण इस साल जनवरी 2022 में प्रस्तावित चयन ट्रायल नहीं हुए थे क्योंकि आईएसएसएफ विश्व कप, काहिरा के लिए टीमों के चयन से पहले ट्रायल आयोजित करने का समय नहीं था।

### मिशन ओलंपिक ने खिलाड़ियों के लिए अनुदान को मंजूरी दी

**नई दिल्ली** । खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ (एमओसी) ने उभरते हुए तीरंदाज मंजीरी अलोने को 'रिकर्व बो सेट खरीदने के लिए तीन लाख 62 हजार रुपए के अनुदान को भी मंजूरी दी है। मंजीरी ने पिछले साल अगस्त में पोलैंड के वारक्लॉ में 2021 विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इसके साथ ही एमओसी ने टोक्यो पैरालंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीतने वाले पैरा पिस्टल निशानेबाज सिंहराज अधाना के डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में 10 फरवरी से 25 मार्च तक रहने और ट्रेनिंग के लिए चार लाख 31 हजार रुपए के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसमें 25 मीटर और 50 मीटर स्पर्धाओं के लिए कारतूस पर दो लाख 26 हजार रुपए का खर्च भी शामिल है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अनुसार मनीष नरवाल के साथ तुगलकाबाद रेंज में मौजूद कोच जेपी नौटियाल को अधाना की सहायता के लिए 10 अतिरिक्त दिन रुकने को भी कहा गया है।

### भारत - न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट सीरीज अब 12 फरवरी से होगी

**ऑकलैंड** । भारत और न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच होने वाली एकदिवसीय सीरीज एक दिन देर से शुरु होगी। भारतीय टीम अपने इस दौरे में पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। पहले यह सीरीज 11 फरवरी को शुरु होनी थी पर अब यह 12 फरवरी से शुरू होगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने यह घोषणा की है।

पांचवीं बार दुनिया जीतने आज उतरेगा यंगिस्तान

# अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में आज इग्लैंड से भिड़ेगा भारत



**एटिंगा।** भारत और इंग्लैंड के बीच आज अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। टीम इंडिया अब तक चार बार खिताब जीत चुकी है। भारत अंडर-19 वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे कामयाब टीम है। टीम इंडिया वर्ल्ड कप में जिस अंदाज में खेल रही है ऐसे में टीम का पांचवी बार वर्ल्ड कप जीतना कोई मुश्किल नहीं लग रहा। दूसरी ओर इंग्लैंड भी कमाल की फॉर्म में है और दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है। इंग्लैंड 1998 की चैंपियन है। यह मैच सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम एटिंगा में खेला जाएगा।

### भारत का पलड़ा है भारी

अब तक भारत और इंग्लैंड के बीच अंडर-19 स्तर पर 49 मैच खेले गए हैं। टीम इंडिया ने 37 मुकाबले अपने नाम किए हैं। वहीं, इंग्लैंड की टीम ने 11 मैच में जीते हैं। दोनों टीमों के बीच एक मुकाबला टाई रहा है। अंडर-19 वर्ल्ड कप की बात करें तो भारत और इंग्लैंड 8 मुकाबले में एक दूसरे के खिलाफ भिड़े हैं। 6 मैच भारतीय टीम ने अपने नाम किया है। वहीं, 2 मुकाबला इंग्लैंड ने जीता है। भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा बार फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड है। टीम इंडिया 2000, 2006, 2008, 2012, 2016, 2018, 2020 और 2022 के फाइनल में पहुंची है। भारत ने 2000, 2008, 2012 और 2018 में विश्व कप जीता था। वहीं, टीम को 2006, 2016 और 2020 में फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

### कोरोना से लड़ने के बावजूद भारतीय टीम ने किया कमाल का प्रदर्शन

टीम इंडिया के कप्तान यश धुल और उपकप्तान शेख रशीद वर्ल्ड कप के दौरान ही कोरोना से संक्रमित पाए गए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में कप्तान ने शानदार शतक जड़ा। वहीं, उपकप्तान रशीद ने भी 95 रनों की शानदार पारी खेली थी। इन दोनों की शानदार पारी के दम पर ही टीम इंडिया को जीत मिली। सेमीफाइनल मुकाबले में टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अंगकृशि रघुवंशी और हरनूर सिंह सेमीफाइनल में चल नहीं सके थे ऐसे में फाइनल में दोनों खिलाड़ियों से ज्यादा उम्मीद होगी। दोनों के बाद टीम इंडिया के कप्तान यश धुल और रशीद ने जिस तरह से पारी को संभाला वो कमाल था। ऐसी ही परिपक्वता टीम इंडिया उनसे फाइनल में देखना चाहेगी।

### गेंदबाजों ने भी किया है प्रभावित

वर्ल्ड कप के दौरान बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों ने भी प्रभावित किया है। राजवर्धन हंगरगेकर और रवि कुमार ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया तो विक्की ओस्तवाल ने अपनी स्पिन गेंदबाजी से उनका साथ निभाया। ओस्तवाल 10 .75 की शानदार औसत से 12 विकेट ले चुके हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम युवा गेंदबाजों के साथ उतरेगी

**मुम्बई** । टीम इंडिया 6 फरवरी से वेस्टइंडीज के साथ होने वाले एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज में इस बार युवा गेंदबाजों के साथ उतरेगी। इस कारण यह है कि टीम मैनेजमेंट ने अनुभवी तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह को इस सीरीज के लिए आराम दिया है जबकि स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं। ऐसे में उन्हें भी आराम दिया गया है। टीम की गेंदबाजी इस बार युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल के भरोसे रहेगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान में सबसे ज्यादा विकेट जडेजा के नाम है। जडेजा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदानों पर 30 विकेट लिए हैं जबकि शमी के नाम 22 विकेट हैं। वहीं इस बार टीम में शामिल कुलदीप के नाम 12 विकेट हैं। ऐसे में भारतीय टीम के नये गेंदबाजी आक्रमण के लिए जडेजा ओर शमी जैसा प्रदर्शन दोहराना आसान नहीं होगा क्योंकि दीपक चाहर के पास 6 एकदिवसीय जबकि शार्दुल ठाकुर के पास केवल 17 एकदिवसीय का अनुभव है। ऐसे में भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी इकाई वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के मुकाबले अनुभवहीन लग रही है। वेस्टइंडीज के पास केमार रोच, जेसन होल्डर जैसे गेंदबाज हैं। टीम इंडिया के स्पिनर कुलदीप और चहल के पास ही कुछ अनुभव है। इन दोनो ने ही 50 से ज्यादा मुकाबले खेले हैं। तेज गेंदबाजों के कम अनुभव को देखते हुए तीनों एकदिवसीय मुकाबलों में इन्हीं दोनों गेंदबाजों से जडेजा, शमी और बुमराह की कमी को पूरा करने की अपेक्षा रहेगी।






# अभिनेत्री श्रुति शर्मा ने एक एपिसोड के लिए ताबूत में मिनट बिताया



'नमक इश्क का' की प्रमुख अभिनेत्री श्रुति शर्मा ने हाल ही में एक एपिसोड की शूटिंग के लिए ताबूत के अंदर कुछ मिनट बिताए, और उनका कहना है कि यह निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा, यह पहली बार है, जब मैंने एक ऐसे दृश्य के लिए शूट किया है, जो इतना डरावना था। हालांकि यह काफी आसान लगता है, यह निश्चित रूप से एक-दो मिनट के लिए ताबूत में रहना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मुझे खुशी है कि यह सब ठीक से हो गया। सीरियल नमक इश्क का में श्रुति शर्मा निभा रहीं है चमचम का किरदार और नए शो के अपने किरदार के बारे में श्रुति ने ख़ास बातचीत. साथ ही श्रुति ने इस किरदार के लिए उनकी मेहनत और अबरार के साथ दोबारा काम करने पर भी बातें की. अपने किरदार चमचम के बारे में बताते हुए श्रुति शर्मा ने कहा इस किरदार (चमचम) के लिए मैंने बहुत मेहनत की है और इसमें मेहनत है भी क्यूंकि इसमें बहुत सारे डांस सीचेंसेस हैं. 12 घन्टे लगातार डांस करना आसान नहीं है, कभी कभी ऐसा होता है की मैं 6 घंटे सीन में रोती हूं और 6 घंटा डांस करती हूं. ये है तो काफी मुश्किल लेकिन मैं मेरा 100 प्रतिशत दे रही हूं और बहुत हार्ड वर्क कर रही हूँ ताकि मेरा शो और मेरा किरदार लोगों को पसंद आए. जहाँ तक मुझे लगता है दर्शकों को अच्छा लग भी रहा है बस उम्मीद यही है की हम सबकी मेहनत रंग लाए. श्रुति को रियल लाइफ में डांस करना बहुत पसंद है और उनकी हॉबी भी डांसिंग है. अपनी इस हॉबी को प्रोफेशन में लाने पर श्रुति ने कहा मुझे डांस करना बहुत ज्यादा पसंद है. डांस मेरा स्ट्रेस बस्टर है. जब भी मुझे मूड स्विंग्स होते हैं या मूड खराब होता है, मैं डांस करती हूं. लेकिन जब आपकी हॉबी आपका प्रोफेशन बन जाती है तो बात पहले जैसी नहीं रहती. क्यूंकि जब आप कैमरे पर होते हैं तो आपको डांस करते वक्त हर छोटी से छोटी चीज का ध्यान रखना पड़ता है जो आसान नहीं होता. वैसे आपको बता दें की श्रुति को आप सीरियल गठबंधन में देख चुके हैं. इसके आलावा सीरियल नजर 2 और ये जादू है जिन का में भी नजर आ चुकी हैं हलांकि कोरोना पैनेडेमिक के चलते नज़र 2 को शुरुआत में ही बंद कर दिया गया था. लेकिन अब सीरियल नमक इश्क का में फिर एक बार श्रुति और मोनालिसा को साथ देखा जाएगा।

## रोहित शेट्टी के साथ एक्शन सीन शूट कर खुश हैं रणवीर सिंह


बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ एक्शन सीन शूट कर बेहद खुश हैं। रोहित और रणवीर सिंह ने फिल्म 'सिंबा' में साथ काम किया था। इसके अलावा दोनों ने 'सूर्यवंशी' में भी साथ काम किया हैंद्य रणवीर सिंह इन दिनों रोहित शेट्टी की फिल्म 'सर्कस' में काम कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों ने एक ऐड भी शूट किया है जिसे रोहित शेट्टी के अंदाज में शूट किया गया है। रणवीर सिंह ने बताया, 'रोहित सर और मैं एक दमदार एक्शन सीन की शूटिंग करके खुश है। रोहित सर ने मुझे मजाक में कहा था कि वह पिछले कुछ समय से एक दमदार एक्शन सीन शूट करना चाहते हैं द्य जिसमें गाड़ियां उड़ रही हो और बंदूकें चल रही हो द्य मैं उनकी भावनाओं को समझ पाया हूं। पिछली बार हमने 'सूर्यवंशी' फिल्म का क्लाइमेक्स शूट किया था। इसके चलते इस बार शूटिंग करने में और भी ज्यादा मजा आया। रोहित शेट्टी पर भरोसा रखें, एक नूडल के कमर्शियल के लिए उन्होंने बहुत ही दमदार काम किया है।



## मां बेटी की अनोखी कहानी पर आधारित है फिल्म डार्लिंग्स

डार्लिंग्स एक मां-बेटी की अनोखी कहानी है, जो दुनिया में अपनी जगह बनाने की कोशिश में रोमांच से भरपूर परिस्थितियों से गुजरती हैं। यह डार्क कॉमेडी मुंबई में एक कंजर्वेटिव लोवर मिडिल-क्लास की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें इन दो महिलाओं के सफर को दर्शाया गया है। जसमीत रीन इस फिल्म के साथ फीचर फिल्म निर्देशन की दुनिया में अपना पहला कदम रख रही हैं और साथ- साथ आलिया भट्ट अपनी कंपनी इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस के साथ बतौर निर्माता अपनी शुरूआत कर रही हैं। जसमीत ने कहा, आलिया और शेफाली एक मां-बेटी की अद्भुत जोड़ी और प्रतिभाशाली विजय (वर्मा) और रोशन (मैथ्यू) के साथ हम एक ड्रीम कास्ट और परफेक्ट पाट्नर्स में मिले हैं। अब मैं बेसब्री से शूटिंग शुरू होने का इंतजार कर रही हूं। डार्लिंग्स की अभिनेत्री और निर्माता आलिया भट्ट ने कहा, मैं डार्लिंग्स के लिए उत्साहित हूं, यह ह्यूमर और डार्क कॉमेडी के साथ एक मनोरंजक कहानी है। मैं बतौर निर्माता अपनी पहली फिल्म डार्लिंग्स को लेकर प्रसन्न हूं, मेरे पसंदीदा शाहरुख खान और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ कॉलेब्रेशन ने इसे और भी विशेष बना दिया है। परवेज शेख और जसमीत द्वारा लिखित फिल्म का निर्माण गौरी खान, आलिया भट्ट और गौरव वर्मा द्वारा किया जा रहा है।

# सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की डेब्यू फ़िल्म 'तड़प' का फ़र्स्ट लुक हुआ रिलीज



बॉलीवुड के गलियारों में कई फिल्मो को लेकर काफी चर्चा समाने आती ही रहती है। वही बॉलीवुड के गलियारों में हर साल कई कलाकार डेब्यू करते हुए नज़र आ चुके है। वही नेपोटिज़्म की बात की जाए तो नेपोटिज़्म से बॉलीवुड के गलियारों में कई स्टार किड्स कदम रखते हुए नज़र आ रहे है। लेकिन ज्यादातर स्टार किड्स का हाल बहाल रहा है। पिछले कुछ सालो से कई स्टार किड्स का हाल देखने लायक रहा है। अर्जुन कपूर , सोनाक्षी सिन्हा , जान्हवी कपूर जैसे कलाकारों का हाल काफी बुरा रहा था। इसी बिच अब एक और स्टारकिड बॉलीवुड में कदम रखने जा रहा है। बॉलीवुड के दमदार कलाकारों में से एक सुनील शेट्टी के बेटे अब बॉलीवुड के गलियारों में कदम रखने जा रहे है। सुनील शेट्टी के बेट अहान शेट्टी एक एक्टर के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाले है। हालाँकि सुनील शेट्टी की बेटी का नाम बॉलवुड की फ्लॉप एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार है। वही बॉलीवुड के खिलाडी कुमार ने अहान शेट्टी की फिल्म का पोस्टर शेयर करके उन्हें बधाई भी दी है। इस फिल्म का नाम तड़प होने वाला है। अक्षय ने लिखा-'आपके लिए बड़ा दिन है अहान ज मुझे अब भी याद है आपके पिता सुनील शेट्टी को देखा था ,'उनकी पहली फिल्म, बलवान का पोस्टर और आज आपकी फिल्म ।, 24 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी !' इस फिल्म में अब देखना होगा कैसा रिस्पॉन्स मिलता है। इस फिल्म को लेकर आप कितने उत्साहित है निचे कॉमेट कर के जरूर बताए।

## प्रभास की सलार 14 अप्रैल 2022 को रिलीज होगी



अभिनेता प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म सलार 14 अप्रैल 2022 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। अभिनेता ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर इसकी घोषणा की। अभिनेता ने फिल्म के पोस्टर को शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा, सलार के रिलीज डेट को शेयर कर के खुशी मिल रही है। 14 अप्रैल 2022 को आपसे सिनेमाघरों में मिलता हूं। प्रभास इस फिल्म में डार्क शेड में नजर आएंगे। फिल्म में श्रुति हसन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का मुहूर्त इस साल जनवरी में हुआ था।

# दयाबेन का किरदार निभाना चाहती है राखी विजान

टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दयाबेन के किरदार के लिए अभी तक कोई नई एक्ट्रेस का चयन नहीं किया गया है। वहीं अब छोटे पर्दे की एक जानी-मानी एक्ट्रेस ने दयाबेन का किरदार निभाने के लिए सामने से आकर दिलचस्पी दिखाई है।

तारक मेहता का उल्टा चश्मा पर दयाबेन के किरदार में एक्ट्रेस बदलने की कई कोशिशें की जा चुकी हैं, लेकिन मेकर्स को वो चेहरा अभी तक नहीं मिला है। वहीं अब नागिन 4 फेम एक्ट्रेस राखी विजान ने दयाबेन का रोल निभाने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि दयाबेन हर कोई नहीं बन सकता, क्योंकि वो एक आइकन है। अगर मुझे एक मौका



मिलेगा तो मैं दयाबेन का किरदार निभाना चाहूंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने फैंस और शो के दर्शकों को हंसना बहुत पसंद है। जिसके कारण वो ऐसे शोज करना चाहती हैं। वहीं अब ये देखना दिलचस्प होगा कि राखी विजान के सामने दिए इस ऑफर पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा के मेकर्स की क्या प्रतिक्रिया होती है? बता दें कि दिशा वकानी ने 2017 में शो से कुछ समय के लिए मैटरनिटी लीव ली थी। इसके बाद से वो शो में वापस नहीं आईं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दिशा ने अपनी फीस बढ़ाने को लेकर मेकर्स के सामने शर्त रखी, जिस पर अभी भी बहस जारी है।

## मैं दोबारा शादी के बारे में सोच भी नहीं सकता:ऋतिक



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और सुजैन खान के बीच तलाक हो गया हो, इन दोनों ने लव मैरेज की थी और इसके बाद आपसी सहमति से दोनों अलग भी हो गए। दोनों के दो बच्चे रेहान और रिदान हैं। रितिक रोशन और सुजैन खान काफी समय तक रिलेशनशिप में रहे थे। शादी के बाद दोनों ने 2014 में तलाक ले लिया। इस कपल की तलाक की खबरों के पीछे कई तरह की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। जहां रितिक का नाम कंगना रनौत के साथ जोड़ा जा रहा था, वहीं सुजैन का नाम अर्जुन रामपाल के साथ जोड़ा जा रहा था। हालांकि दोनों ने ही इन खबरों को खंडन किया था। सुजैन से तलाक के बाद ऋतिक ने कहा था कि वह अब दोबारा शादी के बारे में सोच भी नहीं सकते हैं। रितिक ने कहा, आज मैं दोबारा शादी के बारे में सोच भी नहीं सकता हूं। मैं खुद को संतुष्ट और शांत महसूस कर रहा हूं। बता दें कि तलाक के बाद भी ऋतिक और सुजैन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। अभी भी ये दोनों कई बार बच्चों के साथ फैमिली ट्रिप पर साथ जाते हैं।

# अनन्या पांडे के लेटेस्ट लुक्स ने इंटरनेट का बढ़ाया पारा



अनन्या पांडे के लेटेस्ट लुक्स ने इंटरनेट का बढ़ाया पारा एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस ने बहुत कम समय में अपनी अच्छी पहचान बनाई है। सोशल मीडिया पर उनकी काफी फैन फॉलोइंग है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है।हाल ही में एक्ट्रेस ने कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। जो खूब पसंद की जा रही हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस ने बहुत कम समय में अपनी अच्छी पहचान बनाई है। सोशल मीडिया पर उनकी काफी फैन फॉलोइंग है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है।हाल ही में एक्ट्रेस ने कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। जो खूब पसंद की जा रही हैं। तस्वीरों में एक्ट्रेस प्रिंटेड आउटफिट में नजर आ रही है। नीचे से एक्ट्रेस ने बिकिनी टॉप पहना हुआ है। मिनिमल मेकअप और ओपन हेयर्स से एक्ट्रेस ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। एक्ट्रेस इस लुक में हॉट दिखाई दे रही हैं। अनन्या की अदाएं और स्माइल सबका दिल चुरा रही हैं। फैंस इन तस्वीरों को खूब प्यार दे रहे हैं।

# ब्लड शुगर को संतुलित रखने के साथ-साथ माग को भी फ्रेश रखती हरी मिर्च, जानें अन्य कमाल के फायदे




भोजन में तीखापन लाने वाली हरी मिर्च, स्वाद के साथ ही सेहत के लिए भी गुणों का खजाना है। यदि खाने में मिर्च ना हो तो आप चाहे कितने ही मसाले क्यों ना डाल दें पर खाना मजेदार नही लगेगा। वेसे तो मिर्च कई रंगो में आती है जैसे लाल, पीली, हरी आदि। लेकिन आपको यह बात नहीं पता होगी की हरी मिर्च खाने से काफी सारे फायदे भी होते हैं।

- हरी मिर्च में विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है। विटामिन सी दूसरे विटामिन्स को शरीर में भली प्रकार अवशोषित होने में मदद करता है।
- यदि आप लोग हरी मिर्च खाते हैं। तो आप लंग कैंसर की बीमारी से बच सकते हैं।
- बताया जाता है कि हरी मिर्च दिमाग के लिए बहुत ही ज्यादा फायदेमंद होती है7 हरी मिर्च दिमाग को भी फ्रेश रखती है7 और हरी मिर्च आपके ब्लड शुगर को भी संतुलित रखती है।
- मधुमेह के मरीजों के लिए हरी मिर्च लाभकारी साबित हो सकती है। हरी मिर्च एक कारगर एंटी डायबिटिक के रूप में काम करती है। इसके पीछे कारण हरी मिर्च में कैप्साइसिन नामक खास तत्व का होना है, जो रक्त शर्करा को नियंत्रित करने का काम करता है।
- आप लोगों को यह भी बता दें कि हरी मिर्च में फाइबर विटामिन पाया जाता है।

## उबासी से है परेशान तो करें उसका कुछ इस तरह निदान!

वैसे तो जम्हाई(उबासी) लेना एक सामान्य है। जम्हाई आने के पीछे कई बार बड़ी बीमारी भी देखने को मिलती है। जम्हाई लिवर में खराबी होने का कारण भी हो सकता है। हाई ब्लड प्रेशर और थॉयरॉइड की समस्या भी ज्यादा जम्हाई लेने वाले लोगों में देखी गई है। ऑफिस में काम का प्रेशर ज्यादा होने के कारण भी आपको जम्हाई आती है। ऑफिस में हमारे आसपास हमारे साथियों में से कोई न कोई जम्हाई लेता है। उनको देखकर भी जम्हाई आती है। जो लोग ज्यादा जम्हाई लेते है तो कोशिश करे कि उन से दूर बैठे।



1. कुछ इस तरह से आप जम्हाई को कंट्रोल कर सकते हैं। वैसे तो सभी को कम से कम 8 गिलास पानी पीना चाहिए। लेकिन अगर आप को जम्हाई लेने की आदत है तो ज्यादा पानी पीना चाहिए।पानी ज्यादा पीना से जम्हाई कम आती है।
2. जम्हाई ज्यादा आ रही है तो खुले इलाको में आप घूमकर आ सकते हैं। इससे फ्रेश महसूस करेंगे। साथ ही शरीर में जो ऑक्सीजन की कमी हो रही थी वो भी खत्म हो जाएंगी।
3. अगर किसी मीटिंग में जाना है तो कोशिश करें अपने दिमाग को ठंडा रखने की। दिमाग में गर्मी बढ़ने के साथ जम्हाई भी बढ़ जाती है।

## महाशक्तियों की रस्साकशी

यूक्रेन के मुद्दे पर अमेरिका और रूस के बीच जिस तरह की तनातनी मची है, उसे कोई अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। पिछले कुछ दिनों से दोनों देश एक दूसरे को धमका रहे हैं। इससे तो लग रहा है कि न जाने कौन कब हमला कर बैठे और मिसाइलों और बमों की बारिश होने लगे। हालात दिनोंदिन कितने गंभीर होते जा रहे हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दुनिया के तमाम देशों के नेता और राजनयिक युद्ध के खतरे को टालने में जुटे हैं। वार्ताओं के दौर चल रहे हैं। पर शांति के आसार नजर आ नहीं रहे, बल्कि आशंकाएं गहराती जा रही हैं। यूक्रेन को लेकर महाशक्तियों की यह रस्साकशी कोई नई नहीं है। सोवियत संघ के विघटन के बाद अलग देश बने यूक्रेन को रूस किसी भी कीमत पर अपने हाथ से निकलने नहीं देना चाहता। इसीलिए वह यूक्रेन को नाटो में शामिल नहीं होने देना चाहता। नाटो में यूक्रेन के शामिल होने का मतलब होगा उसका पश्चिम के प्रभाव में चले जाना और फिर वहां पश्चिमी ताकतों खासतौर से अमेरिका का दबदबा बढ़ना। इससे रूस की सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ेगा। यूक्रेन रूस के लिए सामरिक लिहाज से भी खासा महत्त्व रखता है। क्रीमिया पर रूस कब्जा कर ही चुका है। यह भी गौर किया जाना चाहिए कि इस संकट की मूल वजह भी क्रीमिया में ही छिपी है। तत्कालीन सोवियत नेता निकिता ख्रुश्चेव ने 1954 में यूक्रेन को एक तोहफे के रूप में क्रीमिया सौंपा था। लेकिन सोवियत संघ टूटने के बाद रूस ने क्रीमिया को यूक्रेन से वापस लेने की कोशिशें शुरू कर दीं और यह संकट गहराता गया। इसलिए रूस और यूक्रेन के बीच अक्सर टकराव होते रहे हैं। अब ज्यादा बड़ा खतरा तो इस बात का खड़ा हो गया है कि कहीं यूक्रेन, अमेरिका और रूस के शक्ति प्रदर्शन का अखाड़ा न बन जाए। अफगानिस्तान का उदाहरण सामने है। रूस और अमेरिका की प्रतिस्पर्धा ने इस देश को तबाह कर डाला। सीरिया में भी दोनों देश इसी तरह से अपनी ताकत दिखाते रहे हैं और इसका नतीजा लाखों बेगुनाहों की मौत और पलायन के रूप में दुनिया ने देखा है। सामरिक महत्त्व वाले छोटे-छोटे देशों को निशाना बना कर महाशक्तियां जिस तरह से अपने हित साध रही हैं, वह खतरा किसी एक देश या महाद्वीप के लिए नहीं बल्कि पूरी मानव जाति के लिए है। चाहे अफगानिस्तान का मुद्दा हो या यूक्रेन का या फिर ऐसा ही कोई अन्य विवाद हो, पूरी दुनिया दो खेमों में बंट चुकी है। पश्चिमी देश अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे हैं, तो रूस को चीन का पूरा समर्थन है। अगर यूक्रेन नाटो का हिस्सा बन जाता है और फिर ऐसे में रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो अमेरिका शांत नहीं बैठने वाला। तब यह तीसरे विश्वयुद्ध की घंटी बजाने जैसा ही होगा।

# आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है बजट

**योगेश कुमार गोयल**

सबसे लंबा बजट भाषण देने, परम्परा में बदलाव और पेपरलेस बजट जैसे कई रिकॉर्ड कायम करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एक फरवरी को अपना चौथा आम बजट पेश किया। यह बजट मोदी सरकार का दसवां और केन्द्र सरकार के मौजूदा कार्यकाल का चौथा बजट था। इस बजट पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित थी क्योंकि आम आदमी को इस बजट से ढ़ेर सारी उम्मीदें थी। दरअसल माना जा रहा था कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा लेकिन आमजन को बजट से निराशा ही हाथ लगी है। हालांकि बजट में रेलवे से लेकर कृषि तथा सड़क-परिवहन से लेकर रक्षा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं लेकिन आम लोगों के हाथ कुछ खास नहीं आया है। इस बजट में युवाओं के लिए 60 लाख नौकरियों के लिए अवसर तैयार करने का वादा तो किया गया है लेकिन बेरोजगारी तथा महंगाई को लेकर कोई ठोस घोषणा नजर नहीं आती। सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोग जहां इसे 'आत्मनिर्भर भारत का बजट' करार दे रहे हैं और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट को अमृत काल के अगले 25 वर्षों का ब्लू प्रिंट बताया है, वहीं समूचा विपक्ष आम बजट की आलोचना करते हुए इसे बेहद निराशाजनक और शून्य बजट करार दे रहा है। हालांकि कुछ आर्थिक जानकारों का यही मानना है कुल मिलाकर यह एक संतुलित बजट है।

इस बार के बजट से लोगों की उम्मीदें इसलिए भी ज्यादा थी क्योंकि पांच राज्यों में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो रही है और इसलिए माना जा रहा था कि बजट पर कहीं न कहीं चुनावी छाप अवश्य दिखाई देगी लेकिन वास्तव में ऐसा कुछ नहीं हुआ। दरअसल गत वर्ष पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के चुनावों से पहले पेश बजट में कई बड़ी-बड़ी परियोजनाओं की घोषणा हुई थी। वैसे जानकारों का मानना है कि चूंकि विगत डेढ़ दशकों में बजट पेश करने के बाद कुल 42 बार राज्यों के चुनाव हुए लेकिन हर बार सत्तारूढ़ दल को बजट में लोकलुभावन घोषणाएं करने के बाद भी चुनावों में उसका लाभ नहीं मिला। संभवतः इसी को देखते हुए इस बार के बजट में आसन्न विधानसभा चुनावों की छाया नहीं दिखाई दी। पिछले 15 वर्षों में बजट के बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, पुडुचेरी, मणिपुर, गोवा, उड़ीसा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश इत्यादि राज्यों में चुनाव हुए लेकिन उनमें से मात्र 13 चुनावों में ही सत्तारूढ़ दल को बजट की घोषणाओं का लाभ मिला जबकि 11 बार चुनाव पर बजट का कोई असर ही नहीं दिखा और 18 चुनावों में तो बजटीय घोषणाओं के बावजूद सत्तारूढ़ दल को नुकसान झेलना पड़ा। उन 18 चुनावों में से 15 बार कांग्रेस को और 3 बार भाजपा को नुकसान भुगतना पड़ा। इसी प्रकार जिन 13 चुनावों में सत्तारूढ़ दल को लाभ मिला, उनमें 9 बार भाजपा को और 4 बार कांग्रेस को बजट में लोकलुभावन घोषणाओं का लाभ मिला।

बजट पेश होने के बाद कुछ सामान महंगा हो जाएगा तो कुछ सस्ता भी होगा। प्रस्तावित आयात शुल्क में वृद्धि से कई चीजें महंगी होने से उसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा। महंगे होने वालों सामानों में विदेशी छाता, कैपिटल गुड्स, बिना ब्लेंडिंग वाले फ्यूल, स्मार्ट मीटर, कृत्रिम आभूषण, सौर सेल, सौर मॉड्यूल, हेडफोन, ईयरफोन, लाउडस्पीकर, एक्स-रे मशीन, इलैक्ट्रॉनिक खिलौनों के पुर्जे इत्यादि कई वस्तुएं शामिल हैं। सस्ता होने वाले सामान में विदेश से आने वाली मशीनें, कपड़ा, चमड़े का सामान, जूते-चप्पल, मोबाइल फोन चार्जर, मोबाइल फोन के लिए कैमरा लेंस, हीरे के आभूषण, पैकेजिंग के डिब्बे, कोको बीन्स, मिथाइल अल्कोहल, एसिटिक एसिड, खेती के सामान सस्ते होंगे। कटे और पॉलिश हीरे तथा रत्नों पर कस्टम ड्यूटी घटाकर पांच फीसदी की जाएगी। बजट में पहली बार बैंकिंग पोस्ट ऑफिस में डिजिटल सेवाओं, डिजिटल करेंसी, डिजिटल एजुकेशन, ई-पासपोर्ट, पेपरलेस ई-बिल, किसानों के लिए



डिजिटल सेवाएं, रेलवे में 'एक स्टेशन-एक उत्पाद' अवधारणा, गंगा नदी के किनारे पांच किलोमीटर चौड़े कॉरीडोर में स्थित किसानों की भूमि पर विशेष ध्यान, नेशनल टेलीमेंटल हैल्थ प्रोग्राम, नेशनल डिजिटल हैल्थ इको-सिस्टम, 5जी मोबाइल सेवाएं, राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम, शहरों में ई वाहनों के लिए चार्जिंग सेंटर, ग्रामीण इलाकों में सस्ती ब्रॉडबैंड सेवा जैसी कई महत्वपूर्ण सेवाओं का जिक्र हुआ है। आने वाले समय में करीब 25 हजार किलोमीटर का हाईवे तैयार करने और आगामी तीन वर्षों में 400 नई वंदेभारत ट्रेनें तैयार करने की घोषणाएं भी बजट में हुई हैं।

आम बजट में सरकार द्वारा 7.5 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है, जो आगामी वित्त वर्ष में जीडीपी का 2.9 फीसदी होगा। बजट में वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक विकास 9.2 फीसदी रहने की उम्मीद जताई गई है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए वित्त वर्ष में राज्यों को एक लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने और राज्यों को 2022-23 में चार फीसदी तक राजकोषीय घाटे की अनुमति की बात कही गई है। बजट में वित्त वर्ष 2022-23 में कुल खर्च 39.45 ट्रिलियन रुपये होने तथा राजस्व घाटा जीडीपी का 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। 2021-22 में संशोधित राजस्व घाटा जीडीपी का 6.9 फीसदी बताया गया है और 2025-26 तक राजस्व घाटा जीडीपी के 4.5 फीसदी तक पहुंचने की बात कही गई है। इस बार सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र के लिए 104278 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले बजट के मुकाबले 11.86 फीसदी ज्यादा है। इसी प्रकार खेल बजट में 3062.6 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले बजट के मुकाबले 305.58 करोड़ रुपये अधिक हैं।

वैसे उम्मीद की जा रही थी कि सरकार देश में गहरी होती आर्थिक असमानता की खाई को कम करने के लिए कुछ ठोस कदम उठाएगी लेकिन इस दिशा में निराशा ही हाथ लगी है। एक ओर जहां बजट से मध्यम वर्ग पूरी तरह मायूस हुआ है, वहीं कॉरपोरेट सेक्टर को राहत प्रदान की गई है। लंबे समय से टैक्स स्लैब में बदलाव की मांग की जा रही है लेकिन इसके विपरीत सरकार द्वारा कॉरपोरेट टैक्स को 18 फीसदी से घटाकर 15 फीसदी करने की घोषणा की गई है। हालांकि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और धान की खरीद के लिए सरकार द्वारा 2.37 लाख करोड़ रुपये भुगतान करने की भी घोषणा हुई है। रक्षा क्षेत्र के लिए 525166 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष में रक्षा बजट के लिए आवंटित हुए 478196 करोड़ के आवंटन से करीब 10 फीसदी ज्यादा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत योजना को बढ़ावा देने के लिए कुल रक्षा खरीद बजट में से 68 फीसदी को घरेलू बाजार से खरीदने पर खर्च किया जाएगा, जिससे रक्षा उपकरणों के आयात पर निर्भता कम होगी। यह पिछले वित्त वर्ष से 58 फीसदी ज्यादा है और इससे सीधे तौर पर घरेलू रक्षा कम्पनियों को फायदा मिलेगा तथा रक्षा आयात बिलों में भारी कमी के साथ-साथ घरेलू बाजार में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बजट में डिजिटल करेंसी, डाकघरों को कोर बैंकिंग से जोड़ने, विदेश यात्रा सुगम बनाने के लिए ई-पासपोर्ट सेवा शुरू करने जैसी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है। डिजिटल करेंसी (क्रिप्टोकरंसी) से आय पर 30 फीसदी टैक्स लगाया गया है। वित्तमंत्री के मुताबिक डिजिटल इकॉनोमी तथा करेंसी मैनेजमेंट को बेहतर करने के लिए आरबीआई भारत की अपनी 'डिजिटल करेंसी' (ब्लॉकचेन डिजिटल रुपया) जारी करेगा।


## विचार-निर्विचार, चिंतन-अचिंतन

पूरा विश्व, विचारों पर चलता है, सारे आविष्कार, युध्द, आतंकवाद, साहित्य सृजन, भाषण, प्रवचन, तू-तू, मैं-मैं सब विचारों की देन है। विचार ही सब कार्यों को अंजाम देता है। भक्ति, प्रार्थना, व्यवहार, सेवा सब विचारों की देन है। हम सोचते हैं तो करते हैं होता है। अब प्रश्न यह है कि विचार कैसे हो, दो श्रेणियों में बांटा गया है उन्हें, सकारात्मक, नकारात्मक, सकारात्मकता निर्माण करती है, नकारात्मकता विध्वंस, मनुष्य ने सभ्यता को ऊंचाई तक पहुंचाया है एक तरफ तो दूसरी तरफ नृशंसता के गर्त में भी। जैसे विचार वैसा वातावरण और वृत्त। विचार करना सुविचार करना कोई किसी को जबरदस्ती नहीं सीखा सकता क्योंकि संस्कार, लालन-पालन, शिक्षा, मनन-चिंतन, संगति, वातावरण से विचारों में परिवर्तन होता है। पता नहीं यह दुनिया कब से बनी है, मनुष्य ने सोचना कब से शुरू किया, उसमें कैसे-कैसे परिवर्तन होते गया यह एक बड़ा गूढ़ विषय है। इस पर शाप रचे जा सकते हैं। विचारों ने ही तो इतना ज्ञान इस विश्व को दिया है विज्ञान, साहित्य, शिक्षा, राजनीति, धर्म, कानून, जैसे-जैसे आवश्यकताएं होती गई या बढ़ती गई सब आविष्कार या रचना होती गई। आतंकवाद, विस्तारवाद, युध्द भी विचारों का खेल है। नेतृत्व के गलत विचारों का खामियाजा पूरे देश को देना होता है, कौम हो देना होता है। धार्मिक उन्माद भी कुछ गलत विचारों की देन है। बुध्दिहीन या कम बुध्दि वाले लोगों को बुध्दिमान चालाक लोग भेड़ों की तरह हांक कर अपने ढंग से उपयोग या दुरुपयोग करते हैं। इन्सान का अपना वजूद जब कमजोर होता है तो वह हिप्मोटाइज हो जाता है दूसरों से और पीछे-पीछे चलने लगता है।

## भारतबोध का नया समय

**संजय द्विवेदी**
**नए युगबोध का दस्तावेज**
**- इंदिरा दांगी**

प्रोफेसर संजय द्विवेदी भारतीय पत्रकारिता के प्रतिष्ठित आचार्य हैं। उनकी नई पुस्तक 'भारतबोध का नया समय' के पहले आलेख में (जो कि पुस्तक का शीर्षक भी है) मीडिया आचार्य संजय द्विवेदी वसुधैव कुटुम्बकम् (धरती मेरा घर है) की उपनिषदीय अवधारणा को बताते हुए इस धरा को, इस धरती को ऋषियों-ज्ञानियों की जननी मानते हैं और इसी का परिणाम वे मानते हैं कि इस देश में राजसत्तायें भी लोकसत्तायें रही हैं। आलेख 'पुनर्जागरण से ही निकलेंगी राहें' में लेखक प्रसिद्ध विचार 'गुलामी आर्थिक नहीं सांस्कृतिक होती है' की रोशनी में अपनी बात रखते हैं। अपनी संस्कृति को लेकर नए समय के लोगों में जो हीनताबोध है, वही लेखक की चिंता है। 'आज़ादी की ऊर्जा का अमृत' आलेख में लेखक स्वाधीनता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पुरोधाओं की महान परंपरा को कृतज्ञता से याद करते हैं। और एकदम यहां अनायास ही अपने पढ़ने वालों के जहन में एक सवाल भी छोड़ते चलते हैं। इस आलेख में स्वतंत्रता संग्राम के तौर पर सिर्फ कुछ गिने हुए महापुरुषों और 'हाईलाइट्स' वाले आन्दोलनों का ही नाम नहीं लिया गया है, बल्कि वे जो सच्चे लोकनायक थे, जिनकी सब लड़ाईयां और शहादतें देश के लिए थीं, उन्हें भी समतुल्य खड़ा किया गया है। 'जय-विजय के बीच हम सबके राम' आलेख पढ़ते हुए मुझे पंडित विद्यानिवास मिश्र का निबंध 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' याद आने लगता है। लेखक ने यहां तुलसी के राम, कबीर के राम, रहीम के राम से लेकर गांधी और लोहिया के राम तक को याद किया है।



'गौसंवर्धन से निकलेंगी समृद्धि की राहें' आलेख न सिर्फ गौवंश पर आधारित भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था का ऐतिहासिक-सांस्कृतिक अवलोकन करता है, वरन विश्व अर्थव्यवस्था में गाय के महत्त्व के साथ ही साथ उसके औषधीय महत्त्व पर भी रोशनी डालता है। 'एकात्म मानव दर्शन और मीडिया दृष्टि' लेख में एक बहुत ही जरूरी बात है कि मीडिया की दृष्टि लोकमंगल की हो, समाज के शुभ की हो। इसी तरह 'चुनी हुई चुप्पियों का समय' एक बहुत ही प्रासंगिक और समसामायिक आलेख है, और साथ ही इसकी विषय वस्तु कालातीत है। 'अद्भुत अनुभव है योग' लेख को पढ़ते हुए आप इस पुस्तक में उस मुकाम तक पहुंच जाएंगे, जहां आपको लगेगा कि गौसंवर्धन का अर्थशास्त्रीय पहलू हो या नई शिक्षा नीति की बात या फिर वर्तमान राजनीति का सिनारियो या फिर विश्व योग के सिरमौर भारत पर चर्चा-ये पुस्तक वास्तव में इस नये समय में नये भारत को समझने में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

'मोदी की बातों में माटी की महक' आलेख में लेखक भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के जननायक हो जाने के सफर की पड़ताल करते हुए उनकी भाषण कला, देहभाषा और लोकविमर्श की शक्ति पर चर्चा करते हैं। 'खुद को बदल रहे हैं अखबार' लेख में ई-पत्रकारिता के इस दौर में परंपरागत समाचार पत्रों को नये समय की चुनौतियों से रूबरू कराते हैं द्विवेदी जी। अगले लेख 'पत्रकारिता में नैतिकता' में जहां आचार्य द्विवेदी ग्रामीण पत्रकारिता की उपेक्षा की बात करते हैं, वहां मुझे याद आता है कि जब किसी छोटी जगह पर कोई बड़ा आयोजन होता है या कोई राजनेता जाता है तो रिपोर्टिंग करने के लिए स्टेट या राजधानी से पत्रकार जाते हैं, मतलब ग्रामीण भारत कितना उपेक्षित है भारतीय पत्रकारिता में, जबकि फिल्मी अभिनेत्रियों और अभिनेताओं की छोटी-से-छोटी खबर छपती हैं बड़े-बड़े अख़बारों में। मीडिया गुरु ने सही ही विषय लिया है इस आलेख में। 'मीडिया शिक्षा के सौ वर्ष' में लेखक ने पिछली एक सदी में मीडिया शिक्षा की दशा और दिशा से अवगत कराया है। 'संकल्प से सिद्धि का सूत्र 'मिशन कर्मयोगी' आलेख में वे बताते हैं कि मिशन कर्मयोगी अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता निर्माण की दिशा में अपनी तरह का एक नया प्रयोग है।

# मानवता की राह में एक कदम

### सूडोकु नवताल- 5974

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5973 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**रीना रवि मालपानी**

रघु के पापा का पूरा जीवन संघर्षों में बिता। जीवन में अनेकों कटु अनुभव हुए। कभी अपनों से तो कभी अत्यधिक अपनत्व के कारण भी जीवन में कड़वे घूँट पीने को विवश होना पड़ा। पापा का जीवन तो अनुभवों की पाठशाला था, पर इन सभी के बावजूद भी पापा ने कभी हमें जीवन में दाम कमाने को महत्व नहीं दिया। वे सदैव कहते थे की नाम कमाओ। उनके इस मूल मंत्र में एक और तथ्य समाहित था संतोष का, क्योंकि अत्यधिक दाम कमाने की प्रवृत्ति आपमे लालच जगा देती है और संतोष का पाठ हम जीवन में भूल जाते है। रघु चाहता तो केवल पैसा कमाने का विकल्प चुन सकता था पर उसने मुक पशुओं के रहने और ईलाज के लिए परिसर निर्मित किया। सभी असहाय पशुओं को कराहते हुए उस परिसर में लाया जाता और उनके उपचार के बाद रघु को जो आत्मिक शांति मिलती वह तो अनमोल थी।



रघु चाहता तो उस धनराशि से कोई दुकान खरीदता और धनराशि में कई सौ गुना वृद्धि कर सकता था, पर वह जीवन में दाम के प्रति लोभी नहीं था। रघु की दीदी पिता की सीख के अनुसार चाहती तो केवल पूरा समय पैसा कमाने पर दे सकती थी पर उन्होने अपने स्कूल में कुछ नवीन प्रयास किए। गरीब बच्चों की शिक्षा और उनके पोषण के लिए धनराशि खर्च की। हर कार्य में सफलता तुरंत मिले यह संभव नहीं है। जब हम सर्वहित में कुछ प्रयास करते है तो कभी-कभी आलोचना और अपशब्द से भी गुजरना होता है, पर सच्चे मन से किए प्रयास कभी भी निरर्थक सिद्ध नहीं होते। रघु का भाई घर-घर जाता था और जिन लोगों के पास भी अतिरिक्त जूते-चप्पल होते थे वह स्वयं उन्हे इकट्ठा करता था और जरूरतमन्द लोगों को दे दिया करता था। वह अपने आप को बीच की कड़ी बनाकर भी मानवता की तरफ कदम बढ़ा रहा था। रघु के एक दोस्त थे और वे काफी समृद्ध थे पर उनकी दिनचर्या का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा था प्रातः उठकर सबसे पहले जरूरतमंदों को चाय-नाश्ता वितरित करना। वे यह कार्य अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य अनुसार करते थे। वहीं रघु की माँ भी पूरे दिन में क्षमता के अनुरूप भोजन बनाकर भूखे पशुओं को खिलाती थी। रघु के एक दूर के रिश्तेदार गली में पलने वाले कुत्तों का ईलाज किया करते थे अर्थात उन्हें खुजली और घाव होने पर दवा देना। रघु की मुँह बोली बुआ नवरात्रि में गरीबों के लिए भंडारा करती थी। यह सब कुछ उनकी श्रद्धा पर निर्भर करता था। रघु के मासाजी जरूरतमन्द मजदूरों को एक समय का भोजन कराया करते थे। वहीं मासीजी गरीब बच्चों को नवीन वस्त्र दिया करती थी। रघु की पत्नी गरीब बच्चों को नैतिक शिक्षा का ज्ञान भी दिया करती थी। उसमें सकारात्मक सोच, ऊर्जावान बने रहना एवं लक्ष्यपूर्ति का संदेश निहित था। रघु की दादी मंदिर में प्रभु सेवा में समय बिताया करती थी। प्रभु के लिए सुंदर रंगोली बनाती थी और प्रभु के लिए बनाया गया प्रसाद जरूरतमंदों को प्रेमपूर्वक खिलाती थी। रघु के पापा ने स्वयं बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए एक गेस्टहाउस बनाया था, वहाँ पर ईलाज करवाते वक्त पीड़ित और उसके परिवारजन रुक सकते है और उसी के साथ वहाँ पर चाय-पानी, भोजन की भी व्यवस्था प्रदान की जाती थी। रघु के अन्य परिवारजन गर्भावस्था से पीड़ित पशुओं की सेवा किया करते थे क्योंकि वे मातृत्व के समय के दर्द को अच्छी तरह जानते थे, इसलिए मानवीय धरातल पर उन्हें जरूरत के अनुसार भोजन दिया करते थे। रघु से प्रेरित होकर उनके मित्रजन भी अपने बच्चों के जन्मदिवस पर हैंडपम्प एवं अस्पतालों में दवाईया वितरित करते थे। इस तरह रघु के पापा ने मानवता की राह पर एक-एक कदम बढ़ाने को सभी को प्रेरित किया। इस लघु कथा से यह शिक्षा मिलती है की यदि मन में अनुकूल भाव है तो मानवता की राह में चलने का रूप कोई भी हो सकता है। छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े आयाम रच सकते है। यदि आने वाली पीढ़ी को छोटी-छोटी जिम्मेदारियों से जोड़ा जाएगा तो मानवता की राह प्रज्वलित होगी और आत्महत्या एवं अवसाद जैसी स्थितियाँ न्यून होगी।

## न खाएंगे और न खाने देंगे

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

एक बैल को बहुत बड़ा जख्म हुआ थाऔर उस पर बहुत सारी मख्खियां बैठी हुई थी और वह निर्विकार निश्चिन्त बैठा हुआ था। एक साधु प्रवत्ति का व्यक्ति जिसे प्रधान नौकर भी कह सकते हैं वहां से निकले और उस बैल को देख कर दुखी हुए और उन्होंने दयालुता दिखाते हुए मख्खियों को भगाने की चेष्टा की तो वह बैल मारने दौड़ा ,उसी के पास बैल का मालिक बैठा हुआ था ,तब प्रधान नौकर ने बैल के मालिक से कहा मैंने इसके भले के लिए मख्खियां भगाई थी पर यह तो मुझे मारने दौड़ा ,तब मालिक ने कहा प्रधान जी पहले जो बैठी थी वे भरे पेट थी ,उन्हें आपने उड़ा दी ,अब जो नई मख्खियां आएंगे वे और खून चूसेंगी।

वर्ष 2014 में प्रधान नौकर ने कहा था की न खाऊंगा और न खाने दूंगा यह बात जनता के लिए कही थी न की नेताओं ,मत्रियों संतरियाँ सचिवों के लिए। वैसे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए कितना भी प्रयास किया जाय बेमानी होगा। कारण जब गंगोत्री से अपवित्र हैं तब गंगा कहाँ तक पवित्र होगी। जब शीर्ष पर यह व्यापक हैं तब निचले पायदान पर कम नहीं किया जा सकता हैं। शीर्ष पर सुविधा शुल्क और नीचे घूस !यह कैसा मापदंड हैं। परछाई को जितना पकड़ने की कोशिश करो वह उतनी भागती हैं। जैसे परिवार नियोजन किया तो आबादी की वृद्धि हुई। जितना नियंत्रण उतना नियमों को तोडना होता हैं। हमें पढ़ाया जाता हैं हमें झूठ नहीं बोलना चाहिए ,यह नहीं सिखाया जाता की हमें सच बोलना चाहिए। दीवालों पर लिखा रहता हैं यहाँ पेशाब करना मना हैं तब सब लोग वहां ही पेशाब करते हैं। यदि वहां लिख दिया जाय की यहाँ पेशाब कर आगे जाए तो वह डरेगा कहीं सी .सी .टी. वी तो नहीं लगी। मानव नियम तोड़ने के लिए बना हैं। यदि नियम नहीं तोड़ता तो वेदों ,पुराणों में नीति की बात ,दंड की बात क्यों लिखी जाती ?

प्रधान नौकर का भरम टूट गया। घूस देना और लेना रुक नहीं सकता और न कोई रोक सकता चाहे जितने प्रधान नौकर आ जाए। कारण घूस लेने का नियम हैं। किसी भी कार्यालय या कहीं भी जाओं और कोई आवेदन दो ,उस पर सबसे पहले आपत्ति लगाओ जिससे सामने वाले के ऊपर विपत्ति आएंगी तब वह सम्बंधित को सम्पत्ति देगा जिससे उसको संतुष्टि होगी और वही सफलता कहलाती हैं। प्रधान सेवक को जानना चाहिए जितना अधिक काम ,बजट उतना अधिक ,सुविधा शुल्क का वितरण जरूर होगा। यह तो रिपोर्ट हैं पर सार्वजनिक रूप में यहाँ प्रथा हैं लाओ और आर्डर ले जाओ। लॉ एंड आर्डर ख़तम हैं। वैसा प्रधान नौकर के कारण देश का पैसा देश में हैं।

# किसी ने लगाई दौड़ किसी ने फेंका भाला खूब लिया आनंद





## आनंद उत्सव संपन्न, परंपरागत खेलों का हुआ आयोजन

**मुरैना।** डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आनंद उत्सव 2022 के तहत परंपरागत खेलों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगरीय क्षेत्र के युवा व वृद्धजनों ने अपने हुनर व खेलों का प्रदर्शन करते हुए सभी का दिल जीत लिया। खेलों में 25 वर्ष से 60 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने अपने कौशल खेलों का हुनर दिखाते हुए किसी ने लगाई दौड़ तो किसी ने भाला फेंककर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। आनंद उत्सव में वृद्धजनों द्वारा भी काफी जोश और उत्साह के साथ भाग लिया गया और आनंद उत्सव को सफल बनाते हुए खूब आनंदित हुए। आनंद उत्सव नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर निगम आयुक्त संजीव जैन ने सभी प्रतिभागियों को मंच से संबोधित करते हुए कहा कि मुरैना शहर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाएं। यह हमारा और आपका शहर है और इसे स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नंबर वन बनाने में शहर के हर एक व्यक्ति अपना योगदान देकर मुरैना को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में नंबर वन बनाएं। आनंद उत्सव में स्व-सहायता समूह की महिलाएं, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग की महिलाओं ने भी अपने हुनर का प्रदर्शन कर खूब ताली बटोरी। आनंद उत्सव की खास बात यह रही कि इसमें जहां एक ओर सास ने अपने हुनर दिखाएं तो वहीं बहू भी अपना हुनर दिखाने में पीछे नहीं रही। नगर निगम के आनंद उत्सव के नोडल अधिकारी रहीम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश सरकार एवं आनंदम विभाग द्वारा प्रतिवर्ष जनवरी माह में आनंद उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य ऐसे युवा वर्ग वृद्धजन जो अपने हुनर का तथा पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन कर सकें, उन्हें आनंद उत्सव में मौका दिया जाता है और उनके जीवन में आनंद आए, इसलिए यह आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। यह कार्यक्रम स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त संजीव जैन, आनंद विभाग के जिला नोडल अधिकारी आर के एस तोमर, खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाहा, निगम जनसंपर्क अधिकारी रहीम चौहान, सहायक नोडल अधिकारी श्याम सिकरवार, डॉ सुधीर आचार्य, विवेक पाराशर, सोनू शर्मा, अभिषेक घुरेया सहित समूह की महिलाओं ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

## समूह ने मनाई बसंत पंचमी और विद्या आरंभ संस्कार

**कैलारस।** सांई कृपा स्व-सहायता समूह के द्वारा ग्राम धूरकूडा में माँ सरस्वती की पूजा के साथ बसंत उत्सव मनाया गया व आंगनबाडी के बच्चों के बीच विद्या आरंभ संस्कार मनाया गया। जिसमें स्कूल



जाने वाले बच्चो को कॉपी, पेन दिया गया और बाल भोज भी कराया गया। समूह की अध्यक्ष आराधना सिंह धाकड़ ने बताया कि हमारे हिन्दू धर्म में सोलह संस्कार होते है जो जीवन से मृत्यु तक है। इसमें से ही एक है विद्या आरंभ संस्कार। आज जहां हम आधुनिकता की और बढ रहे हैं, वहीं कही ना कहीं अपनी संस्कृति विरासत से विमुख हो रहे है। इसलिए आवश्यकता है कि हमें अपने संस्कृति व संस्कार को अपने बच्चो के बीच रखना होगा उनको भी परिचित करना होगा आज हम यदि समूह बनाकर आर्थिक सशक्तीकरण की और अग्रसर है तो हमें अपने संस्कार संस्कृति और धर्म की जानकारी पर भी कार्य करना होगा। हमें अपनी साप्ताहिक बैठक में यह विषय भी रखना चाहिए उक्त कार्यक्रम में अनेगा धाकड, राजाबेटी बघेल, अनीता धाकड़, ममता धाकड़ आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## शहीद हवलदार रामगोविंद सिंह की छठवीं पुण्यतिथि पर अंचल के मेधावी विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

**अम्बाह।** चम्बल अंचल के वीर सपूत अमर शहीद हवलदार रामगोविन्द सिंह तोमर की छटवीं पुण्यतिथि 15 फरवरी को उनके पैतृक गांव सुनावली में बने स्मारक में मनाई जाएगी। शहीद हवलदार रामगोविन्द सिंह तोमर 15 फरवरी को 2016 को राष्ट्र के लिये शहीद हो गए थे। शहीद परिवार से अमन तोमर ने बताया कि शहीद हवलदार तोमर की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके बलिदान दिवस पर मनाई जाएगी। प्रतिवर्ष शहीद परिवार द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम ओर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता हैं। जिसके क्रम में इस वर्ष भी अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुख्य कार्यक्रम शहीद के पैतृक गांव सुनावली में बने शहीद स्मारक पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें अंचल के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा।



# बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन व महिलाओं का किया सम्मान

**अम्बाह।** रोटरी क्लब अंबाह व्दारा समाज में शिक्षा देने का कार्य कर रही महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान किया गया। द राइजिंग स्टार हाई स्कूल परिसर में रोटरी क्लब व्दारा द राइजिंग स्टार स्कूल के सहयोग से बसंत पंचमी के अवसर पर धार्मिक हवन पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणेश पूजन के साथ-साथ कन्या पूजन भी किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने मां सरस्वती की आराधना कर हवन में पूर्णाहुति दी।

इस अवसर पर ऐसी महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान भी किया गया जो बच्चो को विद्या देने का कार्य अलग-अलग विद्यालयो में कर रही हैं। इन सभी का बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर, डॉ सुधीर आचार्य, अंकित मिश्रा ने शॉल श्री फल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर स्कूल के बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ सुधीर आचार्य राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर, बीएससी हरीश तोमर, देव गुर्जर, दुष्यंत तोमर उपस्थित रहे। इस मौके पर बीआरसी बिंदुसार सिंह तोमर ने कहा कि बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ साथ संस्कार एवं संस्कृति से भी जोड़ना चाहिए। हमें अपने बच्चों को पुरातन संस्कृति के बारे में बताना चाहिए।




इस अवसर पर द राइजिंग स्टार स्कूल के अंकित मिश्रा ने पांच गरीब बच्चियों को पढ़ाने का संकल्प भी लिया, जिनका पूरा खर्चा विद्यालय परिवार वहन करेगा, जिससे हमारे देश की संस्कृति बची रहे। इस अवसर पर प्राचार्य विवेक सिंह ने सभी बच्चों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की। धार्मिक कार्य पं. अमित मिश्रा आचार्य द्वारा किए गए। इस अवसर पर अंकित मिश्रा, संगीता दंडोतिया, सुजाता दंडोतिया, शिवानी पचौरी, सावित्री तोमर, शिल्पी तोमर, पूनम शर्मा, कोमल जैन, शिवानी शर्मा, अंजली तोमर, ज्योति शर्मा, गौरव गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# जीवन में त्याग को अपनाकर चला जा सकता है मोक्ष के मार्ग पर: आर्षमती माताजी



**अम्बाह।** जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी चंबल गौरव गणिनी श्री आर्षमती माताजी का आज सिंहोनियां से ससंघ मंगल आगमन परेड चौराहा स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में हुआ। धर्म सभा को संबोधित करते हुए माताजी ने कहा कि जैन धर्म में तीन लोक का सर्वाधिक महत्व बताया गया है। तीन लोक में नीचे नरक लोक है, ऊपर स्वर्ग लोक है और मध्य में मनुष्य लोक है, जहां हम सब निवास करते हैं। मध्यलोक की यह महिमा है कि इसी स्थान से मोक्ष की प्राप्ति की जा सकती है।

स्वर्ग में देवों का निवास है लेकिन देवगण अपने जीवन में संयम धारण नहीं कर सकते, इसलिए उन्हें मोक्ष नहीं मिल पाता है। नरक लोक में जीवों का जीवन हमेशा एक दूसरे की मारकाट में व्यतीत होता है और वहां उन्हें दुख ही मिलता है। मनुष्य लोक ऐसा है, जहां संयम धारण कर, दीक्षा लेकर, तपस्या कर, व्रत उपवास कर, अपने जीवन में त्याग को अपनाकर मोक्ष के मार्ग पर चला जा सकता है। माताजी ने कहा कि हमें धर्म के सहारे जीते हुए अपने मन और आत्मा को पवित्र बनाना चाहिए। इससे पूर्व जैन आर्यिकाओं की जग्गा चौराहे पर मंगल आगवनी की गई। जिसके बाद शोभायात्रा के साथ समस्त साध्वी जैन मंदिर तक आई, जहां पर उन्होंने भगवान के दर्शन कर धर्म सभा को संबोधित किया।




# कोरोना से ठीक हुये राजपाल सिकरवार ने की सरकार की प्रशंसा

**मुरैना।** कोविड-19 की बीमारी से ठीक हुये 45 वर्षीय राजपाल सिंह सिकरवार ने जिला चिकित्सालय को कोविड मरीजों के लिये उपलब्ध कराई गई, चिकित्सा सुविधा पर राज्य सरकार की प्रशंसा की है। उन्होंने प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान की प्रशंसा करते हुये कहा कि वास्तव में कोरोना जैसी महामारी से निपटने के लिये मुख्यमंत्री ने हर जिले के शासकीय अस्पतालों में पर्याप्त स्तर पर व्यवस्था की है। तहसील जौरा के ग्राम खिडोरी निवासी राजपाल सिंह सिकरवार ने बताया कि मुझे बुखार एवं खांसी थी। मैंने अपना ईलाज 15 दिनों तक प्रायवेट डॉक्टरों से कराया, लेकिन मुझे कोई आराम नहीं मिला। मेरी दिनों दिन तबियत बिगड़ रही थी। मुझे लोगों ने जिला चिकित्सालय में उपचार के लिये सलाह दी। मैं लोगों की सलाह पर जिला चिकित्सालय में पहुंचा, जहां पहले मेरा



कोविड-19 सेम्पल लिया गया। जांच के उपरांत मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। 22 मई 2021 को डॉ. राघवेन्द्र यादव ने मुझे जिला चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया, जहां मुझे पूरी सुविधायें दी गई। सुबह-शाम दवाईयां, इंजेक्शन दिये गये, जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन भी दी गई। नाश्ता, भोजन की व्यवस्था भी बहुत अच्छी दी गई। चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स लगातार मरीजों से चर्चा करके आवश्यक सलाह मशवरा देती रहती। मैं जिला चिकित्सालय की इस बेहतर व्यवस्था से प्रभावित हुआ। जैसा में सुना करता था कि जिला अस्पतालों में कोई सुनने वाला नहीं होता, लेकिन चिकित्सकों की बेहतर सेवा देखकर मुझे यकीन नहीं हो पा रहा था कि वास्तव मैं सरकारी अस्पताल में उपचार करा रहा हूं। मैं सरकारी अस्पताल की व्यवस्था से बहुत खुश हूं और सबसे बड़ी खुशी यह है कि हमारे मुख्यमंत्री जी की यह कडी व्यवस्था है, जिसका पालन सभी जिला चिकित्सालयों में हो रहा है। ऐसी महामारी के समय मैं मरीजों के बीच रहकर ठीक हुआ, मेरे साथ के साथ मरीज ठीक होकर अपने-अपने घर चले गये।

# मां सरस्वती के प्रांगण की सेवा में रहूंगा सदा मौजूद: बागरी

**मुरैना।** रोटरी क्लब मुरैना ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर बसंतोत्सव कार्यक्रम संस्था द्वारा गोद लिए गए रोटरी हैप्पी स्कूल शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 3 गणेशपुरा में पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी की उपस्थिति में बच्चों के साथ मनाया गया। जानकारी देते हुए रोटरी क्लब मुरैना के सचिव ओपी गुप्ता ने बताया कि एसपी आशुतोष बागरी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण उपरांत अपने उद्बोधन में रोटरी के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि रोटरी क्लब ने शिक्षा के इस मंदिर का अति सुंदर स्वरूप प्रदान किया है, जिसके लिए सभी सदस्य और दानदाता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों को इस शिक्षा के मंदिर रूपी प्रांगण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और स्वयं भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की।



उन्होंने कहा कि वह माह में कम से कम 1 दिन 1 घंटे के लिए स्कूल में समय प्रदान करेंगे और बच्चों को स्वयं पढ़ाएंगे, साथ ही सहयोगी अधिकारियों को भी इस नेक कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही उन्होंने रोटरी क्लब मुरैना द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं एवं बच्चियों को स्वाबलंबी बनाने हेतु चलाए जा रहे निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के विषय में जानकारी प्राप्त की और इस रोजगार परक कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसे देखने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने रोटरी परिवार की बिटिया नेहल गोयल सुपुत्री अंशुल गोयल को भी ताइक्वांडो में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर मेडल जीतने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन और बच्चों के साथ रोटरी क्लब मुरैना के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद थे।

# जीरो मॉडल हाईस्कूल देवेन्द्रनगर में किया गया माँ वीणा वादिनी का पूजन



### हवन व पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

-जीरो मॉडल हाईस्कूल देवेन्द्रनगर में वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में माँ सरस्वती के प्रकटोत्सव पर सरस्वती पूजन कार्यक्रम प्राचार्य रमेश अग्रवाल के निर्देशन में धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें विद्वनाचार्य पण्डित दिनेश गौतम श्यामरडॉडा द्वारा विधि विधान से वेद मंत्रोच्चार के द्वारा पूजन पाठ करवाया गया।जिसमें वरिष्ठ शिक्षक रामनिवास गर्ग द्वारा अपनी सहभागिता निभाई। पूजन के पश्चात हवन पूर्णाहुति दी गई जिसमें जीरो सेवा समिति के सदस्यों,स्टॉफ व बच्चों द्वारा हवन वेदी पर आहुतिया दी। छात्र छात्राओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जीरो सेवा समिति के अध्यक्ष कमलेश जैन,सतीश जैन व्यवस्थापक,विनोद जैन उपाध्यक्ष,सुरेन्द्र जैन कोषाध्यक्ष, सुधीर जैन सचिव,रविन्द्र जैन,सुभाष जैन,प्रांशुल जैन,रमेश अग्रवाल प्राचार्य,रामनिवास गर्ग,अशोक जैन,विनोद तिवारी,नरेंद्र शर्मा, मुकेश पटेल,सतेंद्र नामदेव,पारस जैन,सुखसागर त्रिपाठी,संतोष खरे,श्रीमती प्रेमलता मिश्रा, अंजली जैन,प्रीति तिवारी,अंचल जैन,रश्मि शुक्ला,प्रगिता जैन,जीनत अख्तर,श्रीमती सारिका जैन,प्रियंका त्रिपाठी,पूर्णिमा निगम,साक्षी जैन,सोनम निगम बाल्मीक कुशवाहा,मालती विश्वकर्मा,गीता बाई सेन सहित छात्र छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।



## रीवा के कार्यपालन अधीक्षण अभियंता रामानंद सिंह का जन्म दिवस समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में हवन पूजन संत भोज फल वितरण कर बड़े हर्षोल्लास के साथ संकुआ धाम पर मनाया

रीवा के कार्यपालन अधीक्षण अभियंता रामानंद सिंह का जन्म दिवस संकुआ धाम पर बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास संत सम्मान एवं हवन पूजन संत भोज फल वितरित कर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर के नेतृत्व में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री श्री 1008 नंदकिशोर शरण महाराज जी उपस्थित हुए और उन्होंने अपने मुखविंदर से रामानंद सिंह को अपना आशीर्वाद दिया एवं समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा रामानंद सिंह सदैव मददगार सेवाभावी सरल सहज व्यक्तित्व के धनी है और समाज सेवा टीम के मार्गदर्शक हैं और वह एक धार्मिक आध्यात्मिक बहुत ही मिलनसार अधिकारी है उनका जन्म दिवस आज हम समस्त समाज सेवा टीम उपस्थित होकर संत सम्मान संत भोज हवन पूजन व फल वितरित कर संकुआ धाम पर मना रहे हैं ऐसे अवसर हमें वर्ष में सिर्फ एक बार ही प्राप्त होते हैं ऐसे पुनीत अफसरों पर आनंद के साथ पुनीत कार्य कर पुनीत कार्य का आनंद लेना चाहिए कार्यक्रम में उपस्थित जन राहुल चौरसिया आसाराम नामदेव भूपेंद्र शास्त्री निर्वेद सरिता होमगार्ड सैनिक रामप्रकाश यादव राजू रावत जय दयाल बाथम राज पटवा आदि जन उपस्थित रहे

## केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त निगम अध्यक्ष का हुआ मौ नगर में भव्य स्वागत



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड (अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) आदरणीय श्री आशुतोष तिवारी जी का प्रथम मौ नगर आगमन पर अपने निज निवास पर श्री फल शॉल तलवार भेट कर स्वागत किया हरनारायण कुशवाह (पूर्व मंडल अध्यक्ष मौ) युवा नेता रवि यादव, राजू मिश्रा (मंडल महामंत्री) आदित प्रताप सिंह, लल्लू राम कुशवाह, रामवीर कुशवाह, दलवीर यादव , प्रदीप यादव, आकाश यादव, शिवम कुशवाह, जीतू कुशवाह, हरज्ञान कुशवाह, चतुर सिंह कुशवाह, वीर सिंह कुशवाह, संजय यादव, दीपक यादव, आकाश खान, जीशान खान, अप्पू खान, जीतू यादव, प्रलाद यादव , बेताल कुशवाह , सोनू यादव, शेखर यादव, पप्पू यादव आदि उपस्थित थे।



मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्र ने जिले के 3 दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को दतिया में राजघाट कॉलोनी स्थित निवास पर आम जनों से भेंट कर उनकी समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना और उनके निराकरण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ मिश्रा ने आम जनों एवं कार्यकर्ताओं से वनटूवन चर्चा की।

# आज शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामनगर पर मां सरस्वती देवी को माल्यार्पण कर बसंत पंचमी पर्व मनाया गया

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

पिछोर, शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामनगर में मां सरस्वती देवी को माल्यार्पण कर बसंत पंचमी पर्व मनाया गया जिसमें रामनगर अध्यापिका शिक्षिका रामदेवी करोटिया मुख्य रूप से विद्यालय में उपस्थित रहे और विद्यालय में बच्चों के साथ साथ बसंत पंचमी पर्व मनाया गया साथ ही इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे जिसमें शिक्षिका रामदेवी करोटिया जी द्वारा बच्चों के लिए पेन पुस्तकें भी छात्र छात्राओं को दी गई एक नेक ईमानदार शिक्षिका रामदेवी आए दिन बच्चों के बीच में अपना पूरा समय देती हैं साथ में बच्चों की जरूरतों को भी पूरा उनके द्वारा किया जाता है आज शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामनगर पर मां सरस्वती की वंदना करते हुए बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बसंत पंचमी पर्व मनाया गया और साथ ही सभी बच्चों को पेन और पेंसिल वितरण की गई मां विद्या की देवी मां सरस्वती सभी बच्चों को विद्या प्रदान करें और हमारा विद्यालय से ही बच्चों से भरा रहे और हमारे



विद्यालय की रौनक तो हमारे बच्चों से ही है आज बसंत पंचमी पर्व पर हरियाली का भी महोत्सव मनाया गया जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे इस मौके पर शिक्षिका रामदेवी ने अपने उद्बोधन में बच्चों के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां दें और कहा ऐसे पर्व हम हमेशा मनाते हैं और मनाते रहेंगे और शिक्षिका रामदेवी मैं अपने विचार भी बच्चों की समक्ष रखें और कहा शिक्षा ही अंधकार से हटाकर उजाले की तरफ ले जाता है और सत्य मार्ग दिखाता है इसलिए बच्चों के लिए विशेषकर पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए जिससे यही बच्चे आगे चलकर एक नया इतिहास बना सकें शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामनगर पर कार्यरत शिक्षिका रामदेवी करोटिया बच्चों के लिए दिन प्रतिदिन सत्य मार्ग पर चलने को प्रेरित करती हैं और साथ ही पढ़ाई में दिलचस्पी से बच्चों के लिए प्रेरित करती हैं

## अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के द्वारा नाथू बाबा आश्रम मेहगांव जिला भिंड मैं गुर्जर सम्राट भोज परमार की जयंती को बड़े ही धूम धाम से मनाया गया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर (छूना) ने सयुक्त बियान मैं कहा की गुर्जर जाति के चार प्रसिद्ध राज कुल थे प्रतिहार परमार चालुक्य और चौहान थे । गुर्जर प्रतिहार सम्राटओ के अदिन सामंतो मैं परमार गोत्र के गुर्जर भी थे । अभू चंद्रावती अवंती उज्जैन धारानगरी (मालवा) आधी कई प्रमुख्या राज्यों की स्थापना परमार गुर्जरों ने की थी। आबू के परमार सामंत और मालवा के परमार सामंत गुर्जर प्रतिहार प्रतिहार सम्राटों के बहुत वफादार रहे थे गुर्जर परमार शासकों मैं महाराजा गुर्जर भोज परमार ने चारो तरफ दिग्विजय हासिल किया गुर्जर भोज परमार मालवा का (1010ङ्1055) शासक का 45 वर्ष रहा उसकी राजधानी धारा नगरी थी इसे के साथ आज भिंड जिला अध्यक्ष के लिए मुकेश गुर्जर (छूना) को नियुक्त किया गया इस मौके पर विशंभर सिंह, अजमेर सिंह (ऐडवोकेट), महेंद्र सिंह ,भागीरथ सिंह, अशोक सिंह राजवीर सिंह, जवान सिंह, इंद्रभान सिंह, अजमेर सिंह, पुलन्दर सिंह,रामकुमार सिंह, राय सिंह, सत्तू मोहर सिंह, कृष्णा सिंह, आधी मौजूद थ

# अनमोल पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं की जानकारी अपलोड करें: कलेक्टर

### लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी, - खबर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट परिसर है जहां आज कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने के मीटिंग में अनमोल पोर्टल तथा एचएमआईएस पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं की जानकारी अपलोड कार्य में धीमी प्रगति होने, शुद्ध डाटा फीड न करने पर कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को



लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधीश कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को आयोजित स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर श्री उमेश प्रकाश शुक्ला सहित स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने अनमोल पोर्टल तथा एचएमआईएस पोर्टल की बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पोर्टल पर फीडिंग कार्य की गति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चिन्हित कर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि काम नहीं करने वाले मैदानी अमले पर कार्रवाई की जाए। महिला की गर्भावस्था के दौरान चार बार जांच की जाती है, जिसकी जानकारी पोर्टल पर भी दी जाना है, लेकिन बहुत कम संख्या में एंट्री हो पाई है।

उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से मैदानी अमले को आ रही समस्याओं से अवगत कराकर डाटा फीड करायें और यह भी सुनिश्चित करें कि फीड किया जाने वाला डाटा शुद्ध हो। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप एंट्री नहीं करने पर एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, बीएमओ, सीडीपीओ, बीआरसी सहित अन्य की जिम्मेदारी तय की।

# खबरों के सच से आहत नगर परिषद गुंडागर्दी पर उतारू, पत्रकारों के घर दी मैला फेकने की धमकी

### नगर परिषद की इस अनैतिक रवैए से व्यापार मंडल और पत्रकारों में भारी रोष

समाज का आइना, संविधान का चौथा स्तंभ,वास्तिवकता का चेहरा ऐसे न जाने कितने खिताबो से नवाजे जाने वाले पत्रकार की हालत सच लिखने के बाद आज क्या हो सकती है वो देवेंद्र नगर परिषद के गुंडाराज ने अपनी शर्मनाक हरकत से बताया है, लगातार नगर परिषद की कमियों से संबंधित खबरे निकलने नाराज नगर परिषद ने प्रेस की स्वतंत्रता का हनन करने का जो तरीका ढूढा है उसकी जितनी निंदा भर्त्सना की जाए कम है।

अपनी कमियों की गाथा पड़ कर बौखलाए नगर परिषद के जिम्मेदार अब पत्रकारों के सामाजिक,आर्थिक,व्यवसायिक,शारीरिक नुकसान पर आमादा हो गए है। बीते दिनों अखबारों ने नगर परिषद के लापरवाहो के कारनामों से कागज पर कालिख पोती तो न जाने क्यों जिम्मेदारों ने उस कालिख को अपने मुंह पर लगी समझ लिया और भेज दिया दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मियों को पत्रकार के घर धमकाने की नगर परिषद की कमी लिखोगे तो हम आपका दरवाजा मैला से भर देंगे साथ ही नसीहत देकर गए की कमी है तो फोन पर बताइए लेकिन खबर मत लगाइए वरना..... कलम के सिपाही की अग्नि परीक्षा ले रहे लापरवाहो को सैयद ये पता नही की




कलमकार धमकी के डर से सच लिखना नहीं छोड़ते। इस शर्मनाक घटना के बाद से ही पत्रकारों और व्यापार मंडल के सदस्यों में बड़ी नाराजगी देखी जा रही है। चर्चाओं के गर्म बाजार में एक खबर आम है की नगर परिषद में कुछ कर्मचारी स्थानीय होने का फायदा उठा कर षड्यंत्रों का मायाजाल फैला रहे है जिसकी जानकारी प्रदेश स्तर के शासन और राजनेताओ को हो चुकी है। खुद को खुदा समझ बैठे जिम्मेदार जातिगत टिप्पणी करने से भी नही चूकते सूत्रों की माने तो लगातार लग रही खबरों से नाराज चल रहे का साहब पत्रकारों के साथ कोई बड़ी घटना



करवा सकते है। व्यवस्था सुधार की लड़ाई को आत्मसम्मान की लड़ाई बनाने वाले नगर परिषद के पुरोधा क्या गुल खिलाएंगे ये तो आने वाले वक्त में पता चलेगा पर पत्रकारों की जिजीविषा देखकर ये साफ है की सच लिखना तो बंद न होगा

## केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के द्वारा भेजे गए कंबलो को नगर मंडल पोरसा कार्यकर्ताओं ने वितरित किए



पोरसा // भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री मुरैना श्योपुर सांसद नरेंद्र सिंह तोमर के द्वारा नगर मंडल पोरसा में भेजे गए कंबलो को भाजपा कार्यकर्ताओं ने वितरित किए यह कंबल उन गरीब असहाय जरूरतमंदों को बांटे गए जो रात्रि कालीन में या अपनी झुग्गी झोपड़ियों में कंबल न होने की वजह से ठंड में ठिठुरते हैं ऐसे लोगों के यहां जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण कर जरूरतमंदों को कंबल दिए इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता अरुण गुप्ता महामंत्री संदीप उपाध्याय कमल जाटव अरविंद तोमर पूर्व महामंत्री ओमप्रकाश खटीक योगेश शर्मा वीर प्रताप सिंह तोमर अशोक सिंह तोमर आशीष सिंह तोमर विकास तोमर परमाल शर्मा शैलेंद्र जैन दीपू गुप्ता पवन शर्मा लोकेंद्र तोमर रमाकांत शर्मा केतन दुबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## श्री कृष्णा गोसेवा आश्रम में गोभक्त मंगलाराम काग की पुत्री का विवाह संपन्न हुआ



**बेंगलूर--**श्री कृष्णा गोसेवा आश्रम कोतनुर प्रांगण में शुभ मुहूर्त में पंडित चेतन शर्मा द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराया गया द्य दुल्हन गोभक्त मंगलाराम काग की पुत्री तारादेवी का विवाह दुल्हा रूगाराम पंवार से पंडित चेतन शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने नव दम्पति को आशीर्वाद दिया द्यइस अवसर पर श्री कृष्णा गौसेवा आश्रम के संस्थापक पुखराज महाराज ने दम्पत्ति को आशीर्वाद दिया इस मौके पर मायरा पक्ष माधुराम राठौड़, दुल्हन के पिता मंगलाराम काग बेरा गोरवा, दलाराम काग, चुतराराम काग, मोहनलाल काग, भीकाराम काग,रमेश पंवार, चन्द्राराम पंवार,ओमप्रकाश पंवार, दीपाराम पंवार व गोभक्त कार्यकर्ता सोहनलाल सोंलकी, गुमानमल भायल, ओमप्रकाश सीरवी, मनोहरलाल सहित कई गणमान्य लोग व महिलाऐ मौजूद थी

## दिगौड़ा के बस स्टैंड पर रुपयों के लेनदेन पर युवक व महिला में हुई हाथापाई। आधा घण्टे तक होता रहा महिला व युवक के बीच विवाद। तमाशबीन बनी रही लोगों की भीड़।



**जिला ब्यूरो टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

**दिगौड़ा।** कस्बे के बस स्टैंड पर आज शाम करीब 6 बजे ग्राम धामना की महिला नन्नी बाई अहिरवार का रुपयों के लेनदेन पर धामना गांव के ही रमेश अहिरवार से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच में हाथापाई होने लगी। इसी विवाद में युवक ने महिला की मारपीट कर दी। विवाद को देखते ही बस स्टैंड पर मौजूद लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। विवाद में किसी ने भी बीचबचाव नहीं किया। महिला व युवक के बीच करीब आधा घंटे तक विवाद होता रहा। दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे। महिला नन्नी बाई ने बताया कि धामना के रमेश अहिरवार से मैंने अपने रुपये मांगे तो उसने मेरे साथ बस स्टैंड पर मारपीट कर दी व उंगली में काट लिया। मौका देखकर युवक अपनी बाइक से भाग गया और महिला रोकती रही।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा महू ने मनाया वसंत उत्सव

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**इंदौर**-अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा महू ने मनाया वसंत उत्सव।सर्व प्रथम बडगुंदे बालाजी के दर्शन किए,सखियों ने एक साथ मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया और आरती की व भजन गाए।उसके बाद फार्महाउस में जाकर महिलाओं ने वसंत के गीत गाए, उत्सव का महत्व बताया, गेम्स और तंबोला खेलें, झूले झूल कर बचपन की यादें ताजा की सब सखियों ने मिलकर बहुत सारी फोटो सेल्फी ली। चाय नाश्ता किया उसके बाद टिफिन पार्टी में एक साथ सभी ने भोजन लिया इस प्रकार पिकनिक मनाई।गांव की महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन दिए और उसके विषय में समझाया और स्वच्छता का किस प्रकार ध्यान रखें समझाया गया गांव की महिलाएं सेनेटरी नैपकिन लेने में शर्मारही थी उन्हें समझाया कि इसमें कोई बुराई नहीं है।यह हर स्त्री को भगवान की तरफ से दिया गया प्राकृतिक वरदान है इसमें संकोच करने की कोई बात नहीं है।इस कार्यक्रम के दौरान हम 25 बहने उपस्थित थीं जिसमें विशेष रुप से कार्यक्रम मैं हमारी वरिष्ठ सदस्य श्रीमती संतोष जी अग्रवाल,प्रांतीय सचिव सरिता जी खंडेलवाल और प्रांतीय कोषाध्यक्ष करुणा जी लोहारिया,अध्यक्ष किरण जी गोयल, सचिव राजकुमारी अग्रवाल और हमारी शाखा की बहने उपस्थित थी। बसंत सखी गेम में उर्मिला लोहारिया और अनीता कायतवाल विजेता रही।



## बेयर हाउस एंड लाजी. कोर्पो. के महाप्रबंधक ए के दहायत का अन्न उत्सव कार्यक्रम में पन्ना का दौरा

**पन्ना जिला ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की खबर**

हर माह की 7 तारीख को प्रदेश भर में सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अन उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है । अन्न उत्सव कार्यक्रम की समीक्षा के लिए वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक कारपोरेशन महाप्रबंधक ए के दहायत सोमवार को पन्ना जिले के दौरे पर रहेंगे। बड़ागांव वेयरहाउस शाखा प्रबंधक आरपी उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया की प्रबंधक महोदय का यह दौरा पूरी तरह से अन्य उत्सव की व्यवस्थाओं का जायजा लेना एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ लेने के लिए प्रेरित करने से संबंधित है। शाखा प्रबंधक ने जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में आमजन को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अन्न उत्सव को सफल बनाने की अपील की है

# भारत का प्रत्येक युवा करे सूर्य नमस्कारः एबीवीपी





***उमाकान्त शर्मा***
***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा चलाए गए भारत करेगा सूर्य नमस्कार अभियान के तहत आज पांचवे दिन भिंड जिले के विभिन्न नगर इकाइयों में कार्यकर्ताओं के द्वारा सूर्य नमस्कार कराया गया आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव बनाया जा रहा है जिसके तहत परिषद का संकल्प है कि भारत में 75 करोड़ सूर्य नमस्कार 1 सप्ताह के अंदर कराएं जिसके तहत आज भिंड में विभिन्न स्कूलों कोचिंग संस्थान और आमजन के द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के युवाओं को अपनी संस्कृति और अपनी परंपराओं के प्रति लगाव हो और हमारे युवा स्वस्थ रहें इससे परिषद का उद्देश्य देश के युवाओं में योगा को बढ़ाना है जिसके चलते आज परिषद के कार्यकर्ता साधना विद्या निकेतन आईपीएस स्कूल और शहर के विभिन्न स्कूलों में गए और हजारों छात्र छात्राओं को सूर्य नमस्कार कराया जिसमे मुख्य रूप से जिला संयोजक देवेश पचौरी पूर्व प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दीपक त्यागी भिंड भाग संयोजक शक्ति शुक्ला नगर उपाध्यक्ष सौरव त्रिपाठी नगर सह मंत्री रिंकू तिवारी विद्यालय प्रमुख अचल जादौन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता रहे



## बसंत पंचमी पर मां सरस्वती के प्रकटोउत्सव को विद्यालय दिवस के रुप में मनाया

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी --** बसंत पंचमी के अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय रामनगर पर मां सरस्वती के जन्म उत्सव बसंत पंचमी पर मनाया जाता है आज विद्यालय पर समस्त शिक्षक गण जनशिक्षक श्री राजेश सोनी एवं बच्चों की उपस्थिति में मां सरस्वती को माल्यार्पण कर वंदन किया विद्यालय की बालिकाओ द्वारा सरस्वती बंदना की गई एवं अन्य बालक, बालिकाओं द्वारा भी शानदार प्रस्तुति दी गई श्री राजेश सोनी जी द्वारा मां सरस्वती की महिमा का उल्लेख किया गया एवं विद्यालय पर बालक बालिकाओं को मिष्ठान का वितरण किया गया अंत में पुरानी पेशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत द्वारा ÷नमस्ते शारदे देवी वीणा पुस्तक धारणी ÷ से समापन किया गया इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी नीरज मिश्रा,श्रीमती मीना शर्मा,श्रीमती सुल्ताना खान,जनशिक्षक राजेश सोनी, जनक सिंह रावत, न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत सहित विद्यालय के सभी बालक बालिका उपस्थित रहे द्य

## स्वास्थ्य सुधरते ही पूर्व मंत्री ने लिया क्षेत्र का जायजाऽसमाजसेवी सौरभ शर्मा

***उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे***
***चम्बल संभाग संबाददाता***



**ग्वालियर।** पिछले कुछ दिनों से पूर्व केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश व विधायक जयवर्धन सिंह का स्वास्थ्य खराब चल रहा था इस दौरान ग्वालियर के समाजसेवी एवं मध्यप्रदेश के ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सौरभ शर्मा जी ने शहर के शताब्दीपुरम में स्थित दंदरौआ मंदिर पर व्रत रखकर व गरीबों को सर्दी से बचने के लिए कम्बल वितरित किये थे।तथा अगले दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था।सौरभ शर्मा जी ने हनुमानजी महाराज से पूर्व मंत्री जी के स्वास्थ्य को जल्द ही ठीक करने की कामना की थी।समाजसेवी सौरभ शर्मा को जैसे ही खबर लगी कि उनका स्वास्थ्य ठीक हो गया है वैसे ही वह भी उनसे मिलने के लिए उनके निज निवास पर पहुंचे।तथा जनके साथ मिलकर कई क्षेत्रों का जायजा भी लिया।शर्मा जी ने बताया कि हनुमानजी महाराज की कृपा से अब श्री जयवर्धन सिंह का स्वास्थ्य अब बिल्कुल ठीक है

# शिवपुरी पुलिस द्वारा बदरवास मे क्योस्क संचालक से हुई 45 लाख से अधिक की लूट का 24 घंटे के भीतर पर्दाफास कर चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी -** खबर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित कंट्रोल रूम से है जहां दिनांक 03.02.2022 को फरियादी क्योस्क संचालक ने थाना बदरवास आकर रिपोर्ट किया कि मैं कस्वा बदरवास में क्योस्क चलाता है एवं मेरे घर में हिटेची कंपनी का एटीएम भी लगा है. रात करीब 08.00 बजे मैं क्योस्क बंद कर अपनी दूसरी मंजिल पर चला गया कुछ देर बाद किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया कि ज़ एटीएम में पैसे फस गये हैं नीचे आकर मदद करो। उनकी इस बात पर विश्वास करके में जैसे ही नीचे आया तो उनमें से दो लोगों ने मुझे धक्का देकर नीचे गिरा दिया और मेरे ऊपर कट्टा तान दिया फिर तीनों लोगों ने हमारे मुह पर टेप चिपका दिया और फिर उपर अलमारी में रखे 40 लाख रुपये एवं एक बैग मे रखे 5 लाख 30 हजार रुपये, पत्नी की सोने की चैन, एक मोबाइल एवं घर मे लगे सीसीटीव्ही कैमरों की डीबीआर लूट कर ले गये। उक्त रिपोर्ट पर से थाना बदरवास पर अपराध क्रं. 39/2022 धारा 394, 34 भादवि एवं 11,13 एमपीडीपीके एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।





अपराध को गंभीरता से लेते हुये पुलिस महानिरी, ग्वालियर जोन श्री अनिल शर्मा द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को जल्द से जल्द आरोपियों कि गिरफ्तार हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा सूचना मिलते ही घटना को गंभीरता से लेते हुये घटना स्थल पर स्वयं पहुंचकर घटना का जायजा लिया एवं कार्यवाही हेतु आवश्यक निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन मे एसडीओपी कोलारस श्री निरंजन सिंह राजपूत के नेतृत्व मे थाना प्रभारी बदरवास, सायबर सेल टीम, एडी टीम एवं अन्य पुलिस बल को लेकर पुलिस टीम गठित की एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किये गये, घटना के सभी साक्षों, सीसीटीव्ही कैमरों को बारीके से देखा गया सीसीटीव्ही कैमरे मे घटना के समय संदिगंध व्यक्तियों की आवाजाही की फुटेज के आधार पर उन्हें चिन्हित कर कस्बे के अन्य सीसीटीव्ही कैमरों से ट्रेक पता कर अज्ञात आरोपियों की 24 घंटे मे पतारशि कर चार आरोपियों के गिरफ्तार कर दो आरोपियों से घटना मे लूटे गये माल मे से 8 लाख 30 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त एक पल्शर मोटर सायकल जप्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस रीमांड पर लेकर पूछताछ कर माल मसरुका जप्ती की कार्यवाही की जाएगी एवं शेष फरार तीन आरोपियों एवं उनसे माल मसरुका व अपराध में प्रयुक्त की गई एक और मोटर सायकल की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एस.डी.ओ.पी. पोहरी श्री निरंजनउक्त कार्यवाही मे अति पुलिस अधीक्षक शिवपुरीसिंह राजपूत, निरी, थाना प्रभारी बदरवास श्री राकेश शर्मा, निरी. थाना प्रभारी बैराड श्री सतीश सिंह चौहान,उप निरी, थाना प्रभारी फिजीकल श्री कृपाल राठौर, उप निरी, थाना बैराड श्री अरविंद सिंह चौहान, उप निरीथाना प्रभारी रन्नौद श्री अंशुल गुप्ता, उप निरी. थाना प्रभारी अमोला श्री अमित चतुर्वेदी, उप निरी. थानाप्रभारी इदार श्री के. एम. शर्मा, उप निरी. ए.डी. प्रभारी श्री रविंद्र सिंह सिकरवार, उप निरी, चौकी प्रभारीलुकलासा श्री योगेन्द्र सिंह सेंगरग्उप निरी. थाना कोलारस श्री रूपेश शर्मा, सायबर सैल प्रभारी उनि, मुकेशदुबोलिया, उप निरी. धाना बदरवास श्री बी.एम. कुशवाह, उप निरी. थाना प्रभारी बम्होरी जिला गुना श्री चंदप्रकाश दीक्षित, उप निरी, थाना बदरबास श्री नरेन्द्र शर्मा, उप निरी, थाना बदरवास श्री प्रकास सिंहरघुवंशी,सउनि. थाना बदरबास सतेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनि, थाना बदरवास भगवानलाल जौहर, सउनि.थाना बदरवास राकेश शिवहरे, सउनि. थाना बम्होरी जिला गुना श्री पंजाब सिंह, सउनि. ए.डी. टीम श्री प्रवीणत्रिवेदी, प्र.आर.602 थाना रन्नौद सरदार सिंह चौहान, प्र. आर.43 थाना कोलारस दीलीप राजावत, प्र. आर.75 थाना कोलारस नरेश दुबे, प्र. आर. 137 ए. डी. टीम चंद्रभान सिंह, प्र. आर. चालक 190 ए. डी. टीम उसमानसिंह, प्र.आर. 315 सायबर सैल विकास सिंह, प्र.आर. 499 सायबर सैल देवेन्द्र सेन, प्र. आर.310 थानाबदरवास कदम सिंह,प्र.आर.673 थाना बैराड गोविंद भदौरिया, प्र. आर. थाना बदरवास सुरेन्द्र राय, आर 295पुलिस लाईन शिवपुरी राकेश धाकड, आर.205 पुलिस लाईन शिवपुरी रहीश खाँन, आर.292 पुलिस लाईनशिवपुरी सौरभ सेंगर, आर.278 पुलिस लाईन शिवपुरी अमजद खाँन, आर.874 धाना कोलारस प्रभजोतआर.90 थाना कोलारस प्रवेन्द्र रावत, आर.1015 थाना बैराड रामअवतार रावत, आर.358 थाना बैराडदुर्गविजय रावत, आर. 236 थाना बैराड संगम उपाध्याय, आर. 1141 थाना बैराड वीरेन्द्र गुर्जर, आर. 1162थाना बैराड रामअवतार रावत, आर.960 थाना बैराड अरूण विक्रम सिंह, आर. चालक 525 थाना बैराडधर्मसिंह, म. आर. 1150 थाना बैराड वर्षा जाटव, आर.488 थाना रन्नौद केदारी, आर. चालक 383 थानारन्नौद रणवीर सिंह, आरक्षक थाना बम्होरी जिला गुना अंकित चतुर्वेदी, आर.338 ए.डी. टीम हरेन्द्र गुर्जर,आर.1073 ए. डी. टीम अनूप कुमार, आर.534 ए.डी. टीम रामप्रसाद, आर.1116 सायबर सैल शिवपुरी जलजरावत, आर. चालक 970 एस.डी.ओ.पी. कार्यालय पोहरी हरेन्द्र गुर्जर, एस.डी.ओ.पी. कार्यालय पोहरीआर. 171 विवेकानंद, प्रआर 733 प्रदीप गुर्जर, आर. 285 राहुल कुमार की शराहनीय भूमिका रही।अकुरा जैन, आशीषविचार

# स्वच्छ ग्वालियर अभियान में बसंती कपड़े पहनकर एन.एस.एस स्वयं सेवकों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान एवं दिया स्वच्छता का संदेश



ग्वालियर। - स्वच्छ ग्वालियर अभियान के तहत नवाचार करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों ने महाराज बाडे पर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। एन. एस.एस. स्वयं सेवक बसंती कपड़े पहने हुए पीला फूल देकर आम जनता को बसंत पंचमी की शुभकामना के साथ स्वच्छता के प्रति भी जागरूक रहने का संदेश देने के लिए स्वच्छता संदेश लिखवाया तथा हस्ताक्षर अभियान चलाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का संदेश दिया। स्वच्छता कार्यक्रम में महाराज बाड़े पर नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, नगर निगम ग्वालियर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय सेवा योजना माधव महाविद्यालय आदि उपस्थित थे।

निगमायुक्त श्री कान्याल ने स्वयं सेवकों से कहा कि हमारा ग्वालियर स्वच्छ ग्वालियर के नारे के साथ आगे बड़े और स्वयं सेवक लोगों के बीच मे जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करे। हमारा उद्देश्य सभी लोगों के मन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का भाव पैदा करना है। स्वच्छता एक व्यक्ति के द्वारा नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज के द्वारा सम्भव है। आयुक्त श्री कन्याल द्वारा आम नागरिकों व वाहन चालकों से भी अपने आसपास स्वच्छता का बातावरण बनाये रखने के लिये भी आग्रह किया। उक्त कार्यक्रम डॉ. संजय पाण्डेय के नेतृत्व में नगर निगम के सहयोग से चलाया गया।

कार्यक्रम में श्री अनिरुद्ध शर्मा, श्री अंकुश अरोरा, श्री अंकुर चैरसिया, श्री विश्वजीत, अंजली, पूजा, श्री लक्ष्मण, श्री रीतिक, श्री शिवम, सोनिया, सिया, ज्योति, फिजा, परिधि, श्री विनय, रागिनी, शीतल, शिवानी, श्री सुमित, श्री आकाश, श्री अनमोल,रोहित, श्री आयुष आदि लोग उपस्थित रहे।

# शहर में कहीं भी ना रहे अंधेरा, प्रतिदिन ठीक हों कम से कम 500 एलईडी लाइट : निगमायुक्त



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज शनिवार को नगर निगम के विद्युत विभाग के स्टोर रूम का अवलोकन किया तथा स्मार्ट एलईडी लाइट के स्टोर का अवलोकन करते हुए संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए कि अपने कर्मचारी ब?ाएं और प्रतिदिन कम से कम 500 लाइटें ठीक करने का टारगेट रखें। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी विद्युत श्री देवी सिंह राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने विद्युत विभाग के स्टोर का अवलोकन किया जहां स्क्रैप की नीलामी की गई उस स्क्रैप का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि भोपाल से नगर निगम ग्वालियर के विद्युत विभाग का स्क्रैप की नीलामी 93 लाख रुपए में की गई है जिसमें 19000 सोडियम लाइट की नीलामी की गई है।

इसके साथ ही विद्युत विभाग के स्टोर रूम में रखे गीजर को देखकर निगमायुक्त श्री कन्याल द्वारा यह गीजर रैन बसेरों में लगवाने के निर्देश दिए जिसको लेकर कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री संजय सिंह सोलंकी को सभी जगह गीजर की फिटिंग कराने हेतु नोटशीट भेज दी गई है फिटिंग होने के बाद तत्काल वहां गीजर लगवा दिए जाएंगे यह जानकारी श्री देवी सिंह राठौर ने निगमायुक्त को दी।

## संक्षिप्त समाचार

### खटीक समाज ने धूमधाम से मनाई खटवांग जयंती एवं बसंत पंचमी

ग्वालियर। खटीक समाज के आराध्य देव खटवांग महाराज की जयंती शनिवार को माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम में धूमधाम से मनाई गई। खटीक समाज द्वारा आश्रम में रहने वाले लोगों को भोजन कराया और सर्दी के मौसम से बचने के लिए कंबल वितरण किए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने समाज बंधुओं को खटवांग जयंती एवं बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी और खटवांग महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी लोगों को अपने हाथों से भोजन भी परोसा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा अजा मोर्चा के राश्ट्रीय सदस्य एवं खटीक समाज के प्रदेश महासचिव हरीश मेवाफरोश ने कहा कि महापुरूशों का मनन करने से हमें सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है एवं उन्होंने बताया कि सांसद विवेक नारायण शेजवलकर को खटवांग महाराज की मूर्ति स्थापना एवं खटीक समाज की धर्मशाला के लिए ग्वालियर में स्थान उपलब्ध कराने की समाज की मांग से अवगत कराया। इस पर आज सांसद जी ने नगर निगम आयुक्त को मूर्ति स्थापना करने के लिए पत्र लिख दिया है एवं धर्मशाला उपलब्ध करने के लिए उन्होंने कलेक्टर महोदय को पत्र लिख दिया है। मेवाफरोश जी ने सामज की ओर से सांसद जी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन पाताल खटीक एवं आभार प्रदर्शन शिवशंकर पचौरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजू सेंगर, मनोज भदकारिया, नरेश पचौरी, दयाल कौरव, नूतन श्रीवास्तव, कैलाश किरार सहित खटीक समाज के लोग उपस्थित थे।

# कथक नृत्याचार्य गुरू पंडित श्री पुरूषोत्तम नायक जी की द्वितीय पुण्यतिथि स्मृति समारोह का आयोजन हुआ




ग्वालियर। नायिक कला निकेतन ग्वालियर के तत्वधान में शनिवार को नृत्याचार्य गुरु पंडित श्री पुरुषोत्तम नायक जी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर कथक नृत्य के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की, सर्वप्रथम उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शारदा नायक जी और बडी पुत्री श्रीमति ऋचा पुरोहित ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की , नायिका कला निकेतन के फेसबुक पेज से ऑनलाइन के माध्यम से प्रस्तुति की गई, कार्यक्रम में अतिथि गुरु डॉ प्रभाकर लक्ष्मण गोहदकर जी ग्वालियर से एवम डॉ समीक्षा शर्मा जी दिल्ली से रहे द्य कार्यक्रम में विशेष कत्थक नृत्य की प्रस्तुति श्री प्रवीण प्रसाद जी दिल्ली से, के द्वारा दी गयी। कार्यक्रम के उपरांत श्री गुरु डॉ प्रभाकर लक्ष्मण गोहदकर जी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुश्री शिवा नायक , सहसंयोजक मोहिनी श्रीवास्तव और सूत्र संचालन तनिष्का राजपूत एवं लावण्या गोयल द्वारा किया गया।

# पन्ना प्रमुख बनने से कार्यकर्ताओं में जोश आएगा और पार्टी को एक मजबूती भी मिलेगी-माखीजानी



ग्वालियर । भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, हमारे कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं और निश्चित रूप से अगर बड़े पदाधिकारी, नेता भी पन्ना प्रमुख के रूप में पन्ना प्रमुख का कार्य करते हैं तो इससे कार्यकर्ताओं में एक विश्वास का संदेश जाता है। पन्ना प्रमुख बनने से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश आएगा और पार्टी को एक मजबूती भी मिलेगी। उक्त बात शनिवार को जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने दक्षिण विधानसभा के विवेकानंद मंडल के वार्ड-43 के बूथ क्रमांक-154, पन्ना क्रमांक-12 का पन्ना प्रमुख बनने के दौरान कही।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक जादौन, मंडल अध्यक्ष मनोज मुटाटकर, देवेंद्र सिसौदिया, गोविंद पटसारिया मौजूद थे।






# अभियान चलाकर मुरार क्षेत्र से गंदगी फैलाने वालों से वसूला 17 हजार 900 रुपए से अधिक जुर्माना



ग्वालियर। - नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान एवं जनजागरुकता अभियान के दौरान स्वच्छता के साथ आमजनों को स्वच्छता में सहयोग की अपील भी की जा रही है। इसके बाद भी नहीं मानने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज शनिवार को मुरार सहित विभिन्न वार्डों में वृहदस्तर पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया गया और उन्हें अब कचरा न फैलाने की चेतावनी दी गई। अनेक दुकानदारों पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना कचरा फैलाने एवं डस्टबीन न रखने पर लगाया गया। मुरार क्षेत्र से ही लगभग 17 हजार 900 रुपए जुर्मान वसूल किया गया।

निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में चलाए जा रहे स्वच्छता जागरुकता अभियान में सभी वार्डों में विशेष निरीक्षण दल द्वारा निरंतर साफ सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग कर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज मुरार क्षेत्र में अपर आयुक्त श्री आरके श्रीवास्तव के निर्देशन में वृहद अभियान चलाकर गंदगी फैलाने वालों एवं दुकान पर डस्टबीन र रखने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिसमें दुकानदारों पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना लगाकर वसूल किया गया। जिसमें मुरार सदर बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 17 हजार 900 रुपए जुर्मान वसूल किया गया।

इसके साथ ही ग्वालियर विधानसभा में 10 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया। साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी जुर्माने की कार्यवाही की गई जिसमें गंदगी फैलाने पर जुर्माना वसूल किया गया। कार्यवाही के दौरान उपायुक्त डॉ अतिबल सिंह यादव , स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चैहान सहित मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह चैहान पुलिस बल एवं मदाखलत अमला मौजूद रहा।

# गुणवत्ता का ध्यान रखकर समय सीमा में पूर्ण करें प्रधानमंत्री योजना के आवासः निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे आवासों के निर्माण की प्रगति का निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता का ध्यान रखकर सभी आवासों का निर्माण समय सीमा में करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास श्री पवन सिंघल, परियोजना अधिकारी श्री अरविंद चतुर्वेदी, श्री मनीष यादव, अधीक्षण यंत्री श्री पारा, प्रोजेक्ट इंजीनियर श्री पवन शर्मा, मेहता एसोसिएट के श्री प्रशांत मिश्रा तथा निर्माण एजेन्सी कटिरा कन्स्ट्रक्शन के मालिक श्री जीत एवं मनीषा, कन्स्ट्रक्शन कम्पनी से श्री भूपेश उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल ने महल गांव स्थित पहा?ी पर बनाई जा रही आवासों का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही मानपुर गिर्द स्थित दोनों पैकेज में किए जा रहे आवासों के निर्माण कार्य को देखा तथा तत्काल पूर्ण कर हितग्राहियों को पजेशन देने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वहीं सिरोल में भी नगर निगम ग्वालियर द्वारा बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवास निर्माण का कार्य समय सीमा में पूर्ण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए ।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478